www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

हिमाचल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 15 अप्रैल 2026 | 2 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 106, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### नोएडा में दूसरे दिन भी बवाल, पुलिस से झड़प

**एजेंसी, नोएडा।** नोएडा यानी गौतमबुद्ध नगर में सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर फैक्टरी कर्मचारी मंगलवार को भी सड़कों पर उतर आए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो झड़प हो गई। भीड़ ने 2-3 जगहों पर पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया। हालांकि पुलिस ने थोड़ी देर में ही हालात पर काबू पा लिया। प्रदर्शनकारियों को वहां से खदेड़ दिया। फिलहाल, पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान इंडस्ट्रियल इलाकों में सुबह 5 बजे से फ्लैग मार्च कर रहे हैं। सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा, पीएसी और आरएएफ की 15 कंपनियां, 26 अफसर (8 एडिशनल एसपी और 18 डीएसपी) नोएडा भेजे गए हैं। मंगलवार ज्यादातर कंपनियां बंद रहीं। (अनंत ज्ञान)

### आई-पैक डायरेक्टर विनेश चंदेल गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से 10 दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आई-पैक के डायरेक्टर और को-फाउंडर विनेश चंदेल को गिरफ्तार किया है। उन्हें कोयला घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सोमवार शाम दिल्ली में पकड़ा गया। ईडी की यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं। राजनीतिक कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के लिए चुनावी रणनीति बनाती है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया पर कहा कि चुनाव से 10 दिन पहले हुई यह कार्रवाई निष्पक्ष चुनाव पर सवाल उठाती है। (अनंत ज्ञान)

### रेप के आरोपी खरात के ठिकानों पर ईडी की रेड

**एजेंसी, नासिक।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र के चर्चित रेप के आरोपी ढोंगी बाबा अशोक खरात के नासिक, पुणे और शिर्डी समेत 11 ठिकानों पर छापेमारी की। उसके यहां से जमीन, मंदिर, फार्महाउस और फर्जी बैंक खातों से बना सैकड़ों करोड़ का साम्राज्य सामने आया है। ईडी के मुताबिक, खरात ने तीसरे पक्ष के नाम पर 132 बैंक खाते खोले, जिनमें खुद को नॉमिनी बनाकर अपना मोबाइल नंबर लिंक किया और पूरे नेटवर्क को नियंत्रित किया। इन खातों के जरिए कम से कम 62.74 करोड़ के लेनदेन का पता चला है। 52 संपत्तियां जांच के दायरे में हैं। (अनंत ज्ञान)

### सीबीआई की 8 राज्यों में 77 ठिकानों पर छापामारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सीबीआई ने बिल्डरों और वित्तीय संस्थानों के बीच कथित गठजोड़ से जुड़े मामलों में देशभर में बड़ी कार्रवाई की है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के आधार पर सीबीआई ने 22 नए मामले दर्ज किए और मंगलवार को 8 राज्यों में फैले 77 ठिकानों पर व्यापक छापेमारी की। सीबीआई ने बताया कि मंगलावार को की गई तलाशी के दौरान सीबीआई ने कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और अन्य सामग्री जब्त किए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- भू-तापीय ऊर्जा से बदलेगी किन्नौर की तस्वीरः सीएम -पेज 3
- कुख्यात नशा तस्करों को पाबंद करने में जुटी पुलिस -पेज 5
- नम आंखों से सिया गुलेरिया को दी अंतिम विदाई -पेज 9

# आज हो सकते हैं बड़े ऐलान

## रिकांगपिओ में होगा हिमाचल दिवस का राज्यस्तरीय समारोह

## मुख्यमंत्री करेंगे अध्यक्षता, डीए एरियर, वेतन बढ़ोतरी की आस

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल दिवस के अवसर पर बुधवार को किन्नौर जिला के रिकांगपिओ में आयोजित होने जा रहे राज्यस्तरीय समारोह से प्रदेश के करीब पौने तीन लाख कर्मचारियों और लगभग 1.71 लाख पेंशनरों को बड़ी उम्मीदें हैं।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे और माना जा रहा है कि वे लंबे समय से लंबित मांगों पर महत्वपूर्ण घोषणाएं कर सकते हैं। विशेष रूप से 13 प्रतिशत महंगाई भत्ते (डीए) और करोड़ों रुपए के एरियर भुगतान को लेकर कर्मचारियों की निगाहें इस समारोह पर टिकी हुई हैं।



राज्य सरकार द्वारा बजट में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर भी इस समारोह में स्पष्टता आने की संभावना है। स्टडी लीव पर जाने वाले कर्मचारियों को 100 प्रतिशत वेतन देने तथा पूर्व में स्टडी लीव ले चुके कर्मचारियों को बकाया राशि देने का मुद्दा प्रमुख रूप से उभर सकता है। औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना, तथा एक लाख अति गरीब परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की गारंटी को लागू करने जैसे कदम इस समारोह की प्रमुख घोषणाओं में शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, पूर्व सरकारों के समय से लंबित वेतन और पेंशन देनदारियों के समयबद्ध भुगतान की दिशा में भी ठोस घोषणा की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे हिमाचल प्रदेश के हजारों परिवारों को सीधा लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक और आर्थिक कल्याण से जुड़े अन्य बड़े फैसलों की भी घोषणा की जा सकती है।

### दैनिक वेतनभोगियों को दिहाड़ी बढ़ने की उम्मीद

**दैनिक** वेतनभोगी और आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए भी यह समारोह अहम साबित हो सकता है। सरकार पहले ही दैनिक वेतन को 450 रुपए प्रतिदिन करने और आउटसोर्स कर्मियों के लिए न्यूनतम वेतन 13,750 रुपए निर्धारित करने की बात कह चुकी है, लेकिन इसकी औपचारिक अधिसूचना का इंतजार है। ऐसे में संभावना है कि हिमाचल दिवस के मंच से इन निर्णयों को लागू करने का ऐलान किया जाए, जिससे निचले तबके के कर्मचारियों को आर्थिक राहत मिल सके।

# बेटियों की सुरक्षा से नहीं होगा कोई समझौताः सीएम सुक्खू

## बोले-छात्रा के हत्यारे को दिलाई जाएगी कड़ी से कड़ी सजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मंडी के सरकाघाट में 19 वर्षीय छात्रा की निर्मम हत्या के मामले पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि राज्य सरकार दोषी को किसी भी कीमत पर बख्शने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि इस जघन्य अपराध ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है और सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आरोपी को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिले। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बेटियों की सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए कहा कि समाज और प्रशासन दोनों को मिलकर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकनी होगी। सुक्खू ने भरोसा जताया कि सख्त कानून व्यवस्था, प्रभावी कार्रवाई और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से प्रदेश में सुरक्षित माहौल सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट मंगवाई गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और हर पहलू की गहनता से जांच की जाए। प्रारंभिक जानकारी में आरोपी के नशे का आदी होने की बात सामने आई है, जिसे भी जांच का अहम हिस्सा बनाया गया है।

### आरोपी 16 तक पुलिस रिमांड पर

**सरकाघाट।** गांव नैण में हुई बहुचर्चित कॉलेज छात्रा सिया गुलेरिया हत्याकांड मामले में मंगलवार को आरोपी को मंडी अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो 16 तक पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है। पुलिस अब आरोपी से गहन पूछताछ कर वारदात की सच्चाई और पृष्ठभूमि जानने में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने उत्तेजना में आकर दराट से वार किया। उसने कहा कि जब लड़की जमीन पर गिर गई, तो वह घबरा गया और मौके से फरार हो गया। आरोपी का कहना है कि उसे खुद नहीं पता कि उसने ऐसा क्यों किया और हत्या के पीछे कोई ठोस कारण नहीं है।

# लोकसभा सीटें 850 करने का प्रस्ताव

## इनमें से 815 सीटें राज्यों और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों को

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने की तैयारी कर रही है। सरकार इसके लिए संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 लाएगी।

सरकार ने इनसे जुड़े ड्राफ्ट सभी सांसदों को भेजे हैं। इसके मुताबिक, 850 सीटों में से 815 सीटें राज्यों को और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों को दी जाएंगी। इसके लिए 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक संसद का तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। इसमें महिला आरक्षण बिल



पर भी चर्चा होगी। एक और जरूरी बदलाव जनसंख्या की परिभाषा है। इससे संसद को यह तय करने का अधिकार मिलता है कि सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए किस डेटा को आधार बनाया जाए। इसके लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात कही गई है। इन बदलावों को 2029 के आम चुनाव से लागू करने की योजना है। हालांकि इस पर विरोध भी शुरू हो गया है। (अनंत ज्ञान)

### यूपी में बढ़ेंगी सबसे ज्यादा 40 सीटें

**इस** प्रस्ताव के अनुसार, यूपी में सबसे ज्यादा 40 लोकसभा सीटें बढ़ सकती है। यहां 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी। महाराष्ट्र में महिलाओं के लिए 24 सीटें आरक्षित हो जाएंगी। यहां लोकसभा की सीटें 48 से बढ़कर 72 हो जाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिहार में महिला सीटों की संख्या 20 हो सकती है। यहां कुल सीटें 40 से 60 तक पहुंच सकती है। एमपी में 15 महिला आरक्षित सीटें बढ़ सकती हैं। तमिलनाडु में 20 और दिल्ली में 4 यानी महिला सीटें होंगी। झारखंड में 7 महिला आरक्षित सीटें बढ़ने का अनुमान है।

# शिमला के समरहिल में खाई में गिरी कार, 2 लोगों की मौत

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के समरहिल में एक कार खाई में जा गिरी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना से पहले कार में सवार 6 लोगों में से 4 नीचे उतर गए। इसके बाद ड्राइवर व एक व्यक्ति कार को पार्क करने लगे। इसी बीची उनकी कार का संतुलन बिगड़ गया, जिससे कार सीधी 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इससे अफर-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना, जिसके पुलिस ने उसने शवों को खाई से बाहर निकाला। मृतकों की पहचान ड्राइवर बारा सिंह और गुरुमीत सिंह के नाम से हुई है, जो चंडीगढ़ के मलोया कॉलोनी के रहने वाले हैं। एसपी गौरव सिंह के अनुसार, बीती रात को समरहिल के एमआई रूम के पास इनकी कार नंबर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी भेज दिया है।

**◆ गाड़ी में सवार थे 6 व्यक्ति, 4 पहले ही उतर गए थे, बच गई जान**

जानकारी के अनुसार, सोमवार रात छह लोग एक कार में सवार होकर सामान लेकर शिमला की ओर जा रहे थे। सफर के दौरान वे एक जगह गाड़ी पार्क करने के लिए रुके। इसी दौरान अचानक ड्राइवर का गाड़ी से नियंत्रण हट गया। संतुलन बिगड़ने के कारण कार सीधे सड़क किनारे से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरी।

# छत्तीसगढ़ : वेदांता पावर प्लांट में बॉयलर फटा, नौ मजदूरों की मौत

## 30 से 40 मजदूर झुलसे, 12 की हालत गंभीर

**एजेंसी, सक्ती**



छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 9 मजदूरों की मौत हो गई है। एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने इसकी पुष्टि की है। 3 मजदूरों की मौत मौके पर ही हो गई थी। वहीं 18 घायलों को रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल लाया गया, जहां 6 मजदूरों ने दम तोड़ दिया है। बाकी 12 घायलों की हालत गंभीर है। मजदूर 80% झुलस गए हैं। घटना डभरा थाना क्षेत्र की है। हादसे में 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलसे हैं। प्लांट के बाहर मजदूरों के परिजनों ने हंगामा कर दिया। घायलों से मिलने देने की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर, राज्य के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने एक्स पर लिखा- पीड़ितों के लिए उचित मुआवजे और घायलों के उपचार की व्यवस्था की जाए। (अनंत ज्ञान)

**◆ सीएम विष्णुदेव बोले-दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी**

# ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में दागी मिसाइल

## वीडियो शेयर कर कहा- 'अभी तो सिर्फ ट्रेलर, पिक्चर अभी बाकी है'

**एजेंसी, तेहरान**

ईरान और अमेरिका के बीच होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी को लेकर तनाव बढ़ गया है। मुंबई स्थित ईरानी कॉन्सुलेट ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में ईरान होर्मुज में मौजूद जहाजों पर मिसाइल दाग रहा है और कैप्शन में लिखा है कि 'अभी तो सिर्फ ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है।' इसके साथ ईरान ने अपनी मिसाइल बोट्स की ताकत भी दिखाई। दरअसल, अमेरिका ने सोमवार को होर्मुज स्ट्रेट में उन जहाजों की नाकाबंदी शुरू कर दी है जो ईरान को टोल दे रहे हैं। वहीं, ईरान का कहना है कि वह बिना टोल लिए जहाजों को यहां से गुजरने नहीं देगा। (अनंत ज्ञान)

### पीएम मोदी ने ट्रंप से की 40 मिनट बात

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच करीब 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक अमेरिका-ईरान सीजफायर के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और शांति बहाल करने की जरूरत पर बात की थी। फोन कॉल के दौरान पीएम मोदी ने ट्रंप से कहा, 'भारत के लोग आपको पसंद करते हैं।' भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते मजबूत हैं।

### होर्मुज की सुरक्षा से समझौता नहीं : कतर

**कतर** ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा को कोई भी देश खतरे में नहीं डाल सकता। कतर के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने कहा कि इस रास्ते को दोबारा खोलने के लिए लगातार दूसरे देशों से बात हो रही है। होर्मुज का मामला मिलकर सुलझाना होगा और इसमें आसपास के देशों की बड़ी भूमिका है।

### दुनिया जंगल के कानून से नहीं चलती : चीन

**चीनी** राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव को लेकर कहा कि दुनिया को 'जंगल के कानून' (ताकतवर जो चाहे वो करे) वाले हालत में नहीं जाने देना चाहिए। नियम सब पर बराबर लागू होने चाहिए, न कि अपनी सुविधा के हिसाब से।

### अमेरिका बातचीत की बजाय अपनी शर्तें थोप रहा: इलाही

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ईरान ने अमेरिका पर बातचीत के बजाय शर्तें थोपने का आरोप लगाया है। भारत में ईरान के सुप्रीम लीडर के प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने कहा कि अमेरिका की मंशा शुरू से ही संदिग्ध रही है। अयोध्या में दिए बयान में इलाही ने कहा कि अमेरिका बातचीत नहीं करना चाहता, बल्कि दबाव बनाकर अपनी शर्तें मनवाना चाहता है। उन्होंने यह भी कहा कि एक तरफ अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने की बात करता है, वहीं दूसरी तरफ वहां नाकाबंदी कर रहा है। इलाही ने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता और शांति का समर्थन करता है, लेकिन अमेरिका का रवैया इसके विपरीत है। दूसरी तरफ अमेरिका और ईरान के बीच पीस डील को लेकर वीरवार तक दूसरी बैठक होने की संभावना है। दोनों देश आमने-सामने बातचीत के जरिए समाधान तलाशने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि बढ़ते तनाव को खत्म किया जा सके।

# यूएस-ईरान जंग का असर खाद्य तेल 7 प्रतिशत महंगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ईरान समेत पूरे पश्चिम एशिया में तनाव से जो हालात पैदा हुए हैं, उसके चलते आम



भारतीयों का घरेलू खर्च बढ़ रहा है। रसोई से लेकर कपड़े और घरेलू उपकरणों तक, हर चीज या तो महंगी हो गई है या उनके दाम बढ़ने की आशंका गहरा रही है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने एक साथ कई मोर्चों पर दबाव बनाया है। ईवाई इंडिया का विश्लेषण कहता है कि यह असर अगले दो साल तक बना रह सकता है। खाने के तेल के दाम 7% से ज्यादा बढ़ गए हैं। भारत जरूरत का 57% खाद्य तेल आयात करता है। इनमें पाम ऑयल, सोयाबीन और सूरजमुखी तेल शामिल है। इस बीच पैकेजिंग, ढुलाई और कच्चे माल की लागत बढ़ने से साबुन, पेस्ट, बिस्किट जैसे प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनियां या तो दाम बढ़ाएंगी या पैकेट छोटे करेंगी। इसे 'श्रिंकफ्लेशन' कहा जाता है। पेंट, टेक्सटाइल और पर्सनल केयर कंपनियां भी लागत बढ़ने का हवाला देकर कीमतें बढ़ाने की तैयारी में हैं। (अनंत ज्ञान)

**◆ रसोई से लेकर कपड़े और घरेलू उपकरण तक हर चीज महंगी**

# सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री, आज लेंगे शपथ

**एजेंसी, पटना**



सम्राट चौधरी बिहार के नए सीएम होंगे। उन्हें पहले बीजेपी फिर एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। थोड़ी देर में वे राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। इस्तीफे के बाद उन्होंने कहा कि मैंने नीतीश से राजनीति सीखी है। उनके साथ मैंने काम किया है। उनके समृद्ध बिहार को और आगे ले जाना है। 15 अप्रैल को लोकभवन में शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसके साथ ही बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। आज नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दिया। वे सम्राट चौधरी और विजय चौधरी के साथ एक ही गाड़ी से राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा।

इस्तीफे के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा- 'अब नई सरकार यहां का काम देखेगी। नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग रहेगा। आगे भी बहुत अच्छा काम होगा, बिहार बहुत आगे बढ़ेगा।' (अनंत ज्ञान)

**◆ नीतीश कुमार ने दिया मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा**




**संबोधन** खत्म होगा 4 दशक का लंबा इंतजार, सरकार संसद में ला रही महिला आरक्षण बिल

# 2029 के चुनावों में बेटियों को देंगे उनका हक : प्रधानमंत्री

**एजेंसी, देहरादून**

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को देहरादून में कहा, '4 दशकों से महिला-बेटियां अपने हक का इंतजार कर रही हैं। अब वह समय आ गया है। हम अपने देश की बेटियों को 2029 के चुनावों में उनका हक देकर रहेंगे। इसके लिए हम संसद में महिला आरक्षण बिल ला रहे हैं।'

पीएम ने कहा, 'कभी उत्तराखंड के गांव में सड़क के इंतजार में पीढ़ियां बदल जाती थीं। आज डबल इंजन सरकार के प्रयास से सड़क गांव तक पहुंच रही है। जो गांव वीरान थे आज फिर बस रहे हैं।' इससे पहले उन्होंने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे कॉरिडोर का उद्घाटन किया। वे एशिया के सबसे लंबे 12 किमी एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर का निरीक्षण करने सराहनपुर पहुंचे। यहां रोड शो भी किया। (अनंत ज्ञान)

**◆ दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे कॉरिडोर का किया उद्घाटन**






**बोले- देश की ताकत बन रही हैं बेटियां**

**पीएम** ने कहा कि देश की बेटियां भारत निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। सरकार उनकी भागीदारी बढ़ाने पर जोर दे रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर मुश्किल समय में महिलाओं को कम से कम परेशानी हो, इसके लिए प्रयास जारी हैं।

### 12,000 करोड़ रुपए से हुआ 213 किमी लंबे कॉरिडोर का निर्माण

**करीब** 213 किलोमीटर लंबे छह लेन दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे कॉरिडोर का निर्माण 12,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से किया गया है। यह परियोजना दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच कनेक्टिविटी को नई गति देगी। इस कॉरिडोर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि दिल्ली से देहरादून की यात्रा का समय, जो अभी 6 घंटे से अधिक है, घटकर लगभग 2.5 घंटे रह जाएगा। इससे यात्रियों को तेज, सुरक्षित और सुगम सफर का अनुभव मिलेगा। परियोजना के तहत 10 इंटरचेंज, 3 रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी), 4 बड़े पुल और 12 वे-साइड सुविधाएं विकसित की गई हैं। साथ ही बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा के लिए एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) भी लगाया गया है।

# भू-तापीय ऊर्जा से बदलेगी किन्नौर की तस्वीर : सीएम

## टापरी इकाई का मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया निरीक्षण, कहा-दो वर्षों में किया 16,963 किलोग्राम फलों का प्रसंस्करण

अनंत ज्ञान



किन्नौर जिले के टापरी में फल सुखाने की इकाई का निरीक्षण करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** किन्नौर जिले के टापरी में स्थापित भू-तापीय ऊर्जा आधारित सेब कोल्ड स्टोरेज एवं फल सुखाने की संयुक्त इकाई का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसे प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक और नवाचार से भरपूर पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह विश्व की पहली ऐसी आधुनिक इकाई है, जहां प्राकृतिक भू-तापीय ऊर्जा के माध्यम से फलों का भंडारण और सुखाने का कार्य किया जा रहा है। लगभग 1,000 टन क्षमता वाली यह सुविधा हिमाचल प्रदेश विपणन एवं प्रसंस्करण निगम और आइसलैंड की एक कंपनी के सहयोग से विकसित की गई है, जो हरित ऊर्जा की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों के दौरान इस इकाई में कुल 16,963 किलोग्राम फलों का प्रसंस्करण किया गया है, जो इसकी उपयोगिता और सफलता को दर्शाता है। नवंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच 5,105 किलोग्राम तथा जून 2025 से जनवरी 2026 के बीच 11,948 किलोग्राम फलों को प्रोसेस किया गया। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में यह परियोजना किन्नौर के बागवानों के लिए आय बढ़ाने का मजबूत माध्यम बनेगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस इकाई में भू-तापीय ऊष्मा का उपयोग कर फलों को सुरक्षित रखा और सुखाया जाता है, जिससे बिजली आधारित पारंपरिक प्रणालियों पर निर्भरता कम होती है। किन्नौर क्षेत्र अपने प्राकृतिक गर्म जल स्रोतों के लिए प्रसिद्ध है और इसी प्राकृतिक संपदा का उपयोग कर यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत कृषि को बढ़ावा दे रही है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल को मिलेगा 10 करोड़ रुपए का बजट: मुख्यमंत्री सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** किन्नौर जिले के कल्पा दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल और खेल छात्रावास के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि परियोजना समयबद्ध तरीके से पूरी हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए लोक निर्माण विभाग को 10 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने डे-बोर्डिंग स्कूल परिसर में प्रस्तावित बालिका आश्रम के निर्माण के लिए चिन्हित भूमि पर भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ देने की घोषणा भी की। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। साथ ही उन्होंने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी को निर्माण कार्य की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा, ताकि किसी भी प्रकार की देरी न हो। इससे पूर्व, रिकांगपिओ विश्राम गृह में किन्नौर जिला पूर्व सैनिक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट कर सैनिक विश्राम गृह के लिए निधि उपलब्ध कराने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिकों की मांग को स्वीकार करते हुए सैनिक विश्राम गृह भवन के निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने रिकांगपिओ और कल्पा में जन समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

## कुमारसैन में 2.039 किलोग्राम अफीम के साथ महिला गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

- नेपाल मूल की महिला टी स्टॉल की आड़ में चला रही थी नशे का कारोबार
- 9.28 किलो अफीम मामले में बैकवर्ड लिंकेज से खुला नेटवर्क

**आत्मा सिंह, कुमारसैन।** पुलिस थाना कुमारसैन में 9.28 किलोग्राम अफीम बरामदगी के प्रकरण में की जा रही बैकवर्ड लिंकेज जांच के दौरान पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गहन एवं तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर 2.039 किलोग्राम अफीम की अतिरिक्त बरामदगी सुनिश्चित की है।

यह बरामदगी लक्ष्मी पत्नी स्वर्गीय जीत बहादुर, निवासी गांव शिमी, डाकघर एवं तहसील बेशीशहर, जिला लमजुंग, नेपाल, उम्र 46 वर्ष से की गई है, जो वर्तमान में कंडाघाट, जिला सोलन (हि.प्र.) में 'लक्ष्मी टी स्टॉल' का संचालन कर रही है। जांच के दौरान संकलित साक्ष्यों एवं विश्वसनीय सूचना के आधार पर उक्त महिला की संलिप्तता मादक पदार्थ तस्करी के एक संगठित नेटवर्क में पाई गई।

जांच में यह सामने आया है कि आरोपी महिला को यह मादक पदार्थ अभियोग में पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों द्वारा ही शिमला की ओर जाते समय मार्ग में सप्लाई किया गया था, जिसे वह आगे अवैध रूप से वितरित करने की फिराक में थी। आरोपि महिला इन आरोपियों की लिस्टेड होलसेल ग्राहक थी।पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दिनांक 13/04/2026 को कंडाघाट क्षेत्र में हिरासत में लिया तथा उसके कब्जे से 2.039 किलोग्राम अफीम बरामद की। इस मामले में अभी तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 11.5 किलो अफीम बरामद की गई है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके पांच दिन की पुलिस हिरासत में लिया गया है। मामले की आगामी जांच जारी है।

# समानता व संविधान मूल्यों पर दिया संदेश

## शिमला में अंबेडकर जयंती पर युवाओं ने निकाली जागरूकता पदयात्रा

अनंत ज्ञान



जागरूकता पदयात्रा में शामिल युवा। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में समानता, सामाजिक न्याय, शिक्षा और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

इस अवसर पर उप-प्राचार्य संजेश कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में करीब 180 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मेरा युवा भारत शिमला द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष, भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान और सामाजिक समरसता के लिए उनके प्रयासों पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा को सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम माना और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए जीवनभर संघर्ष किया। प्रतियोगिता में हिमानी ने प्रथम, साहिल ने द्वितीय तथा प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इसके उपरांत संस्थान परिसर से चौड़ा मैदान तक जागरूकता पदयात्रा निकाली गई, जिसमें युवाओं ने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। चौड़ा मैदान स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन समाज में समानता, न्याय और मानवाधिकारों की स्थापना का मार्गदर्शन करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इन आदर्शों को अपनाकर एक समतामूलक और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## आईआईएएस में डॉ. अंबेडकर की वैचारिक विरासत पर गूंजे विचार

अनंत ज्ञान

- विशेष व्याख्यान में सामाजिक न्याय व लोकतांत्रिक मूल्यों पर हुआ मंथन

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में स्थित भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान (आईआईएएस) में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति निवास परिसर के संगोष्ठी कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम का प्रसारण सिस्को वेबेक्स और संस्थान के आधिकारिक फेसबुक पृष्ठ के माध्यम से भी किया गया, जिससे बड़ी संख्या में प्रतिभागी ऑनलाइन भी जुड़े। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. आंबेडकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया, जिसके बाद संस्थान के सचिव मेहर चंद नेगी ने उनके बहुआयामी व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संस्थान के फेलो प्रोफेसर बृजेंद्र पांडेय ने अपने व्याख्यान में डॉ. अंबेडकर को आधुनिक भारत की वैचारिक आधारशिला बताते हुए उनके जीवन संघर्ष, बौद्धिक योगदान और सामाजिक परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने भारतीय लोकतंत्र को केवल संवैधानिक स्वरूप ही नहीं दिया, बल्कि उसे सामाजिक न्याय, समानता और समावेश की गहरी नैतिक आधारभूमि भी प्रदान की। उनके विचारों ने भारतीय समाज को एक अधिक न्यायपूर्ण और समतामूलक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। व्याख्यान के दौरान वक्ताओं ने इस बात पर भी बल दिया कि वर्तमान समय में जब समाज समानता, प्रतिनिधित्व और संवैधानिक मूल्यों की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब डॉ. अंबेडकर का चिंतन और अधिक प्रासंगिक हो जाता है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजीव कुमार मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया, जबकि संचालन डॉ. अखिलेश पाठक ने किया। इस अवसर पर संस्थान के विभिन्न फेलो, शोधार्थी और कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस वैचारिक संवाद को सार्थक और प्रेरणादायक बताया।

## 8 वर्षों में 11.52 लाख से अधिक लोगों को मिला सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा का लाभ: अनुराग

अनंत ज्ञान



अनुराग ठाकुर ने स्वास्थ्य सेवा को दी नई दिशा। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ने 14 अप्रैल 2026 को अपने 8 वर्ष पूरे कर लिए। इस अवसर पर सेवा को और आधुनिक बनाते हुए एआई तकनीक से लैस हेल्थ एटीएम, हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन और ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग मशीन जैसी सुविधाओं को जोड़ा गया। ठाकुर ने कहा कि 2018 में भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शुरू की गई यह पहल आज 32 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के साथ प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रही है।

उन्होंने बताया कि इस सेवा के माध्यम से पिछले 8 वर्षों में 11,52,681 लोगों को मुफ्त जांच, दवा और उपचार की सुविधा मिली है। 8 जिलों की 26 विधानसभाओं के 7000 से अधिक गांवों और 1000 से ज्यादा पंचायतों में 25 हजार से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। यह सेवा अब तक 9 लाख किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर चुकी है और लाखों मरीजों को घर-द्वार पर स्वास्थ्य लाभ पहुंचा चुकी है, जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में क्रांतिकारी सुधार हुआ है।

नई तकनीकी सुविधाओं के तहत हेल्थ एटीएम 10-12 मिनट में 60 से अधिक जांच करने में सक्षम है, जिससे मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोगों का शुरुआती पता लगाया जा सकेगा। वहीं, हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन कुछ ही सेकंड में रिपोर्ट देने में सक्षम है और टीबी सहित फेफड़ों की बीमारियों की पहचान में सहायक है। इसके साथ ही ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग मशीन रेडिएशन मुक्त तकनीक पर आधारित है, जो महिलाओं के लिए सुरक्षित और सरल जांच सुनिश्चित करती है। ठाकुर ने कहा कि यह पहल 'हर घर-हर द्वार अस्पताल' के लक्ष्य को साकार करते हुए प्रदेश में जनस्वास्थ्य को नई दिशा दे रही है।

# शहीद हुए 66 अग्निशमन के कर्मचारियों को दी श्रद्धांजलि



रामपुर में अग्नि सेवा सप्ताह का शुभारंभ करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** अग्नि शमन विभाग रामपुर द्वारा मंगलवार को अग्नि सेवा सप्ताह का शुभारंभ अग्निशमन विभाग के कार्यालय परिसर में किया गया। इस मौके पर आग पर काबू पाने के लिए उपयोग में आने वाले उपकरणों की जानकारी दी गई। इस दौरान कई वर्ष पूर्व मुंबई यार्ड में लगी भीषण आग को काबू पाने के दौरान जो अग्निशमन कर्मचारी शहीद हुए थे उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उप अग्नि शमन अधिकारी कृष्ण सैनी ने बताया कि 14 अप्रैल, 1944 को मुंबई यार्ड में खड़े एक जहाज पर आग लगने से आग़ को बुझाते हुए आग की चपेट में 66 कर्मचारी आकर शहीद हो गए थे। उनकी याद में हर वर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सेवा सप्ताह मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस दौरान स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थान, बस अड्डा तथा बाजारों में मॉक ड्रिल कर लोगों को आग पर काबू पाने के तौर तरीके समझाए जाएंगे।

इस मौके पर अग्निशमन विभाग रामपुर के करीब एक दर्जन कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर रामपुर के चौधरी अड्डे पर भी आम लोगों को मॉक ड्रिल के माध्यम से आग पर काबू पाने के तरीके सुझाए गए। कृष्ण सैनी ने बताया कि यह क्रम आगामी 20 अप्रैल तक जारी रहेगा।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर शिमला में दो बड़े कार्यक्रम आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** 15 अप्रैल को महिला सशक्तिकरण को समर्पित दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 'टाउन हॉल ऑफ वूमेन' और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम समर्थन पदयात्रा' शामिल हैं। महिला मोर्चा अध्यक्ष डेज़ी ठाकुर के नेतृत्व में नारी शक्ति फोरम तथा एक सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं के सम्मान, अधिकार और राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण के प्रति जनजागरूकता को सुदृढ़ करना है। सुबह 10 बजे होटल ध्रुव, सर्कुलर रोड में आयोजित टाउन हॉल में महिलाओं के नेतृत्व, सशक्तिकरण और आरक्षण से जुड़े विषयों पर संवाद होगा। इस अवसर पर जयराम ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि डॉ. पूर्णिमा चौहान मुख्य वक्ता के रूप में अपने प्रशासनिक अनुभव साझा करेंगी।

कार्यक्रम में पुनीता भारद्वाज, मीनाक्षी पॉल, वंदना भगरा और रेनू बलजीज़ सहित विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं अपने विचार रखेंगी और महिलाओं की भूमिका, चुनौतियों तथा अवसरों पर प्रकाश डालेंगी। इसके उपरांत दोपहर 2 बजे होटल ध्रुव से सीटीओ तक पदयात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता भाग लेंगे। आयोजकों के अनुसार यह पहल 'नारी शक्ति का सम्मान, नव भारत की पहचान' के संदेश के साथ महिलाओं की निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रदेश की महिलाओं और युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान किया है।

## 13 साल से सेब घोटाले का फरार आरोपी पटियाला से किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

- शिमला पुलिस का विशेष अभियान सफल, 2013 से फरार आरोपी पकड़ा
- 17 तक न्यायिक हिरासत में सब जेल कैथू भेजा

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में फरार आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शिमला पुलिस को एक अहम सफलता मिली है। पुलिस ने करीब 13 साल से फरार चल रहे एक आरोपी को पंजाब के पटियाला से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर सेब की खेप बेचकर विश्वासघात करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार न्यायालय एलडी-सीजेएम शिमला ने 15 अक्तूबर 2013 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 407 और 120(बी) के अंतर्गत आरोपी बलजींदर सिंह उर्फ सोनू, पुत्र साहिब सिंह, निवासी गांव बादशाहपुर, गांव क्लांकी, तहसील व थाना समाना, जिला पटियाला (पंजाब) के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। मामले की जांच में सामने आया था कि आरोपी को सेब की एक खेप को गंतव्य तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिसकी कीमत करीब 8 लाख रुपये थी। आरोप है कि उसने भरोसे का दुरुपयोग करते हुए इस माल को रास्ते में ही बेच दिया और इसके बाद से लगातार फरार चल रहा था। लंबे समय से वह अदालत में पेश नहीं हो रहा था और गिरफ्तारी से बचता रहा।

इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना ढली की टीम को विशेष रूप से पंजाब के पटियाला भेजा गया। टीम ने पुख्ता सूचना और बेहतर समन्वय के आधार पर 13 अप्रैल को आरोपी को पटियाला से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे 17 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में सब जेल कैथू भेज दिया गया है। एसएसपी शिमला गौरव सिंह का कहना है कि फरार आरोपियों के खिलाफ यह विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नशे का बढ़ता जाल और महिलाओं के खिलाफ अपराध चिंताजनक: जयराम

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने जिला मंडी के सरकाघाट में 19 वर्षीय छात्रा की निर्मम हत्या को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह घटना हिमाचल प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था और प्रशासनिक ढांचे की विफलता का स्पष्ट उदाहरण है। शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि कॉलेज जा रही छात्रा पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई, जिससे पूरे प्रदेश में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है।

उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं बल्कि प्रदेश की कानून व्यवस्था के पूरी तरह चरमराने का संकेत है। जयराम ठाकुर ने बताया कि वह स्वयं पीड़ित परिवार से मिले और उनकी पीड़ा को करीब से महसूस किया। उन्होंने कहा कि छात्रा के पिता, जो एक निजी वाहन चालक हैं, गहरे सदमे में हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं। 'एक पिता ने सुबह अपनी बेटी से बात की और कुछ ही घंटों बाद उसकी मौत की खबर मिली, यह अत्यंत हृदयविदारक है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने मामले की गहन और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के बावजूद यह जानना जरूरी है कि कहीं इसके पीछे कोई बड़ी साजिश तो नहीं। उन्होंने इस घटना को नशे के बढ़ते प्रभाव से जोड़ते हुए कहा कि प्रदेश में नशे का जाल तेजी से फैल रहा है और यह कई अपराधों की जड़ बनता जा रहा है। साथ ही उन्होंने महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर चिंता जताते हुए कहा कि यह स्थिति बेहद गंभीर है और तत्काल ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

## हिमाचल को स्वावलंबी बनाने के लिए मिलकर करें प्रयास: कुलदीप पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि 15 अप्रैल 1948 को विभिन्न रियासतों के एकीकरण से हिमाचल प्रदेश का गठन हुआ था, जो आगे चलकर 25 जनवरी 1971 को भारतीय गणराज्य का 18वां राज्य बना। उन्होंने प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार की भूमिका को अविस्मरणीय बताते हुए उन्हें हिमाचल निर्माता के रूप में याद किया। पठानियां ने कहा कि हिमाचल नाम संस्कृत के 'हिमा' और 'आंचल' शब्दों से मिलकर बना है, जो इस प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता और हिमालय की गोद में बसे होने को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि 79 वर्षों के इस गौरवशाली सफर में हिमाचल ने अनेक चुनौतियों के बावजूद विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। पहाड़ी राज्य होने के कारण विकास कार्यों में अधिक संसाधनों की आवश्यकता होती है, फिर भी यहां के मेहनतकश लोग प्रदेश की उन्नति के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। पठानियां ने कहा कि वर्तमान सरकार सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में संवेदनशीलता और समर्पण के साथ विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि सभी मिलकर हिमाचल को आत्मनिर्भर और सशक्त राज्य बनाने में अपना योगदान दें।

# मानसून 2026 में कम बारिश के आसार

## लाहौल-स्पीति में सामान्य से अधिक बारिश के संकेत: मौसम विभाग

अनंत ज्ञान



शिमला में सुहावने मौसम का लुत्फ उठाते पर्यटक और स्थानीय लोग।

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इस बार मानसून सीजन को लेकर तस्वीर पूरी तरह संतुलित नहीं दिख रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के ताजा दीर्घावधि पूर्वानुमान के अनुसार वर्ष 2026 में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना जताई गई है। हालांकि लाहौल-स्पीति जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सामान्य से अधिक बारिश के संकेत हैं, जबकि चंबा, किन्नौर और हमीरपुर के कुछ हिस्सों में वर्षा सामान्य के आसपास रह सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार पूरे देश में भी मानसून का रुख कमजोर रह सकता है। जून से सितंबर के बीच होने वाली वर्षा दीर्घावधि औसत का करीब 92 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें पांच प्रतिशत तक की त्रुटि संभव है। यह संकेत देता है कि इस बार मानसून सामान्य से थोड़ा कमजोर रह सकता है, जिसका असर खेती-बाड़ी और जल स्रोतों पर भी पड़ सकता है।

वैज्ञानिक कारणों पर नजर डालें तो मानसून के दौरान एल नीनो जैसी परिस्थितियां विकसित होने की संभावना जताई गई है, जो आमतौर पर वर्षा को प्रभावित करती हैं। इसके साथ ही हिंद महासागर में सकारात्मक इंडियन ओशन डाइपोल बनने के संकेत भी मिल रहे हैं, जो मानसून की चाल को और जटिल बना सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इन वैश्विक जलवायु कारकों के चलते इस साल बारिश का वितरण असमान रह सकता है।

### 17 से 20 के बीच हल्की से मध्यम बारिश की संभावना

**वहीं** अल्पकालिक पूर्वानुमान की बात करें तो प्रदेश में 17 से 20 अप्रैल के बीच कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार हैं। इसके अलावा अगले कुछ दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिससे गर्मी धीरे-धीरे अपने तेवर दिखा सकती है।

## नशे के खिलाफ एकजुट होकर समाज को करें जागरूक: कविंद्र गुप्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने तथा समृद्ध समाज के निर्माण के लिए नशामुक्ति, संस्कार, सदाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रीयता के पांच संकल्पों को अपनाने का आह्वान किया। राज्यपाल देर सायं शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में मातृवंदना संस्थान द्वारा आयोजित मातृवन्दना मासिक पत्रिका के विशेषांक 'पंच संकल्प से समाज परिवर्तन' के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। उन्होने इस अवसर पर, संस्थान की दिनदर्शिका का विमोचन भी किया। उन्होंने मातृवन्दना पत्रिका सदस्य की ऑनलाईन एप का शुभारम्भ भी किया।

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने देवभूमि में बढ़ते नशे पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे एक गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में नशे के बढ़ते अवैध धंधे को लेकर हम सभी को चिंतित होने की आवश्यकता है। जहां हमें अपनी युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराई से बचाना है, वहीं दूसरी ओर हमें देवभूमि को नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम इस सामाजिक बुराई के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करें और समाज में जागरूकता फैलाएं।

### छवि खराब करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

# नरेश चौहान बोले, मानहानि के साथ आपराधिक केस भी किया जाएगा दर्ज

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने तीखे तेवर दिखाते हुए स्पष्ट कहा कि जिन लोगों ने झूठ फैलाकर उनकी छवि को नुकसान पहुंचाया है, उनके खिलाफ मानहानि के साथ-साथ आपराधिक मुकदमे दायर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक सुनियोजित रणनीति के तहत उनकी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा और प्रदेश सरकार की साफ-सुथरी छवि को धूमिल करने की कोशिश की गई है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह के कृत्यों से उनके परिवार, मित्रों और सामाजिक दायरे में उनकी साख को ठेस पहुंची है।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए चौहान ने बताया कि हाल ही में उनके बेटे पर कुछ आपराधिक तत्वों द्वारा जानलेवा हमला कर अगवा करने का प्रयास किया गया था, जिन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और कानून के तहत कार्रवाई जारी है। इस पूरे मामले पर भाजपा प्रवक्ता राजेंद्र राणा द्वारा दिए गए बयान को उन्होंने पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन बताया। चौहान ने सवाल उठाया कि राणा यह स्पष्ट करें कि उनकी प्रेस वार्ता पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता के रूप में थी या व्यक्तिगत स्तर पर, और क्या भाजपा ऐसे आपराधिक तत्वों का समर्थन करती है।

नरेश चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के कार्यालय में नियुक्त सलाहकारों को 'दलाल' कहना बेहद आपत्तिजनक और अस्वीकार्य है, जिसके लिए भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा प्रदेश की कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की असफल कोशिश की गई, जिसमें उन्हें जनता ने नकार दिया। चौहान ने कहा कि वह पिछले 25 वर्षों से अधिक समय से कांग्रेस से जुड़े हैं और हमेशा निष्ठा व ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियां निभाई हैं। उनके अनुसार, उनके परिवार को किसी संपत्ति विवाद से जोड़ना भी एक राजनीतिक साजिश है, जो जल्द ही उजागर होगी।

# हिमाचल दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

हिमाचल दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

**पदम पुंडीर**
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
भाजपा किसान मोर्चा हि.प्र.

हिमाचल दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं

**राजतिलक नेगी**
अध्यक्ष,एसटी मोर्चा
शहरी मंडल सोलन

हिमाचल दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं

**राजीव कौड़ा**
पार्षद वार्ड -14 व पूर्व डिप्टी
मेयर,नगर निगम सोलन

हिमाचल दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं

**सुनील ठाकुर**
पूर्व सचिव भाजपा किसान मोर्चा
लहसुन कारोबारी सोलन


हिमाचल दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं

**विरेन्द्र पुजारी**
जिलाध्यक्ष यूथ इंटक,चंबा


हिमाचल दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं

**रविंद्र अत्री**
अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग भरमौर



# Pinegrove School

"We Aspire to Inspire..."

हिमाचल दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं



DHARAMPUR . SUBATHU
Distt. Solan HP

*An epitome in creating exalted lives… Pinegrove is a revered "Cradle of Excellence and Leadership".*

Pinegrove School is a fully-residential, co-educational, senior secondary school nestled in the most picturesque scenery of the Kasauli Hills in Distt Solan HP. The school is affiliated to the CBSE and is highly-reputed for its high standards in value education, excellent work-ethics, personality development and discipline, whilst maintaining the highest standards of academic, co-curricular and sporting excellence.

*Numerous Affiliations for greater exposure*


**USPs** *Unlike traditional schools, Pinegrove follows Best Practices in school education and is proud of its outstanding work-ethics, happy school environment and World Class Infrastructure.*

Scan for
An Overview of the School

**Some Unique Features**
- Individual Benchmarks for each student
- Bully-free, substance-abuse-free, cash-free and mobile-free school
- International Exchange Programmes
- High Order Pastoral Care
- School Hospital with Resident Doctor
- Hostel facilities from Age 6 onwards
- High moral and ethical standards
- Multiple Sporting facilities
- Telephone facility for children within Hostels




Distt. Solan, Himachal Pradesh, India
Tele: +91 98050 04115 | +91 01792 264105
Email: headmaster@pinegroveschool.com | Website: www.pinegrove.in


सुखविंद्र सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री (हि.प्र.)



# हिमाचल दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




कर्नल धनी राम शांडिल
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
सामाजिक न्याय अधिकारिता, श्रम एवं रोजगार मंत्री

## HIMACHAL PRADESH MINORITIES FINANCE AND DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(A STATE GOVERNMENT UNDERTAKING)
REGD. OFFICE, SDA COMPLEX, BLOCK NO 38 KASUMPTI SHIMLA-171009

# हिमाचल प्रदेश अल्पसंखयक वित एवं विकास निगम, शिमला

*श्री मनोज कुमार, आई0ए0एस0 प्रबन्ध निदेशक, ( हिमाचल प्रदेश अल्पसंखयक वित एवं विकास निगम ) की तरफसे सभी प्रदेश वासियों को हिमाचल दिवस की शुभकामनायें।*

हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित एवं विकास निगम शिमला का गठन, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अर्न्तगत दिनांक 23.09.1996 को एक गैर लाभकारी सरकारी संस्था के रूप में हुआ है। निगम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक व शिक्षा में पिछड़े अल्पसंख्यक समुदाय को शिक्षा एंव प्रशिक्षण से उन्हे सामर्थ और आत्मनिर्भर बनाने के लिये प्रशिक्षण प्रदान करना तथा कम ब्याज दरों पर स्वरोजगार हेतू ऋण उपलब्ध करवाना है, हिमाचल प्रदेश अल्पसंखयक वित एवं विकास निगम निम्नलिखित योजनाओं के तहत ऋण सहायता उपलब्ध करवाता है।

| क्रं.सं. | योजनाओं के प्रकार | योजनाओं का विवरण |
|---|---|---|
| 1. | टर्म लोन योजना | यह योजना अल्पसंखयक तथा दिव्यांगजन समुदाय के लाभार्थियों के लिये है, और यह निगम के माध्यम से कार्यान्वित कि जाती है, टर्म लेन योजना मे 30.00 लाख रू0 तक कि लागत वाली परियोजनाओ के लिये अल्पसंखयक समुदाय को कम ब्याज दर पर ऋष्ण प्रदान किया जाता है। इस योजना के अधीन किसी भी प्रकार के व्यावसायिक एंव तकनीकी दृष्टि से किए जाने वाले कार्यो के लिये ऋण उपलब्ध है, इन कार्यो को सुविधा के लिये निम्नलिखित क्षेत्रो मे श्रेणीबद्व किया गया हैः<br>(क) कृषि उपयोग हेतु (ख) तकनीकि व्यापार (ग) छोटे व्यवसाय (घ) कारगीर एंव परंपरागत व्यवसाय (ड) परिवहन एंव सेवा क्षेत्र<br>***अल्पंसख्यक समुदाय के व्यक्तियों के लिये ऋण पात्रता शर्ते-*** 1. प्रार्थी हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी हो। 2. प्रार्थी भारत सरकार द्वारा किसी भी अधिसूचित अल्पसंख्यक वर्ग( मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौध, पारसी एंव जैन ) से सम्बन्ध रखता हो। 3. प्रार्थी की आयु 18 से 55 वर्ष हो 4. प्रार्थी के आय स्त्रोतों ये शहरी व ग्रामिण क्षेत्रों में 3,00,000/- प्रतिवर्ष होनी चाहिये, व कृमी लेयर के लिये 8,00,000/- से अधिक न हो। क्रेडिट लाईन-1 के तहत आय सीमा मु0 3.00 लाख रू0 से अधिक न हो तो टर्म लोन योजना के अंतर्गत ब्याज दर 6 प्रतिशत अधिकतम मु0 20.00 लाख रू0 तक के ऋण वितरीत किया जाता है। क्रेडिट लाईन-2 के तहत आय सीमा मु0 3.00 लाख रू0 से अधिक हो तो टर्म लोन योजना के अंतर्गत ब्याज दर पुरूषों के लिये 8 प्रतिशत व महिलाओ के लिये 6 प्रतिशत है, अधिकतम ऋण राशि मु0 30.00 लाख रू0 तक होगी। |
| 2. | शिक्षा ऋण योजना | यह योजना अल्पसंखयक समुदाय के लाभार्थियों के लिये है, अल्पसंखयक समुदाय के योग्य लाभार्थीयों को रोजगारन्मुख शिक्षा लेने के उदेशय से हिमाचल प्रदेश अल्पसंखयक वित एवं विकास निगम द्वारा कम ब्याज दरों पर शिक्षा ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। इस योजना के अधीन व्यावसायिक व तकनीकी कोर्सो के लिये जो कि 5 वर्षो कि अवधि से ज्यादा न हो सालाना 4.00 लाख रू0 कि दर से अधिकतम 20.00 लाख रू0 का ऋण उपलब्ध है। इसके अलावा विदेश पढ़ने वाले कोर्सो के लिए जो कि 5 वर्षो कि अवधि से ज्यादा न हो सालाना 6.00 लाख रू0 कि दर से अधिकतम 30.00 लाख रू0 का ऋण उपलब्ध है। क्रेडिट लाईन-1 के तहत शिक्षा ऋण योजना के तहत ब्याज दर 3 प्रतिशत है। क्रेडिट लाईन-2 के तहत शिक्षा ऋण योजना मे ब्याज दर पुरूषों के लिये 8 प्रतिशत व महिलाओं के लिये ब्याज दर 5 प्रतिशत है। |

अधिक जानकारी निगम website www.minority.hp.gov.in से प्राप्त का जा सकता है
दूरभाष: 0177-2621164, 0177-2621669
पताः हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित एवं विकास निगम, एस0डी0ए0 परियर, ब्लॉक न0 38, प्रथम मंजिल, कसुम्पटी, शिमला-171009

## न्यूज ब्रीफ

### सोनू ने जीती भटेच्छ छिंज की बड़ी माली

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमंडल शाहपुर की पंचायत ठारू के भटेच्छ गांव में पारंपरिक छिंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेला समिति अध्यक्ष पंकज धीमान ने बताया कि बड़ी छिंज में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और विजेता पहलवानों को माली की राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि छोटी माली के अंतिम मुकाबले में आकाश पखोबाल ने लक्की हाड़ा को हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं बड़ी माली में सोनू लंबा नाल विजेता रहे और अंकु हाड़ा उपविजेता बने। बड़ी माली के लिए पैंतालीस हजार रुपए तथा छोटी माली के लिए तीस हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर मेला समिति के सदस्य तथा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लोगों ने पारंपरिक कुश्ती का भरपूर आनंद लिया।

### अग्निशमन सेवा सप्ताह कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उप अग्निशमन केंद्र शाहपुर में मंगलवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सात दिवसीय सेवा सप्ताह के तहत अग्निशमन से सबंधित विभिन्न कार्यक्रम अयोजित किए जाएंगे व लोगों को जागरूक किया जाएगा। उप अग्निशमन अधिकारी सुरेंद्र ने बताया कि उप अग्निशमन केंद्र शाहपुर के अधिकारी/कर्मचारियों ने 14 अप्रैल 1944 को बॉम्बे डॉकयार्ड में हुए भीषण अग्निकांड में 66 शहीद अग्निशमन कर्मियों की याद में 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करके अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया, जो कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलेगा।

### सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संकल्प

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा हवाई अड्डे पर अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को आग से सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार करना रहा। अग्निशमन कर्मियों ने आग से बचाव के उपायों और सावधानियों की जानकारी दी। इस दौरान बम्बई डॉक विस्फोट में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी ने अग्नि सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया।

### हलेड़ में 31 यूनिट रक्त एकत्रित किया

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर के हलेड़ में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी लंबागांव सिकंदर कुमार मुख्य अतिथि रहे। कमेटी अध्यक्ष और सदस्यों ने उनका शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। बीडीओ ने सभी से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर में 31 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया तथा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### दयाल में अंबेडकर जयंती पर लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** अंबेडकर भवन दयाल में हिमाचल प्रदेश श्री गुरु रविदास महासभा जोन देहरा के सौजन्य से डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। जोन अध्यक्ष राकेश भाटिया ने बताया कि हर वर्ष इस अवसर पर रक्तदान शिविर और प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इस बार लगभग 250 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। अंडर 14 वर्ग में हंशिका प्रथम, विवान द्वितीय और रूहान तृतीय रहे। अठारह वर्ष से अधिक वर्ग में आंचल प्रथम, रितिका द्वितीय और कनिका तृतीय रहीं। रक्तदान शिविर में टांडा मेडिकल कॉलेज की टीम ने 69 यूनिट रक्त एकत्र किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### बाबा साहेब के आदर्शों पर चलें युवा: बुटेल

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** विधायक पालमपुर आशीष बुटेल ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के आदर्श सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे संयुक्त कार्यालय परिसर पालमपुर में स्थापित प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने युवाओं से उनके जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर महापौर गोपाल नाग, एसडीएम डॉ. ओ. पी. यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बैजनाथ में प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा शुरू

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ के इंदिरा गांधी स्टेडियम में मंगलवार को अधिवक्ता अरविंद कुमार व अधिवक्ता पंकज वर्मा ने प्रीमियर लीग 2026, क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में विजेता इनाम को 1,11,000 रुपए व उपविजेता इनाम 55,000 रुपए और सेमीफाइनलिस्ट टीमों स को 15,000 रुपए का इनाम रखा गया है। यह प्रतियोगिता लीग मैचेज से खेली जाएगी। पहली बार बैजनाथ में इतने बड़े स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता हो रही है। प्रतियोगिता का आयोजन विशाल चौहान द्वारा करवाया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में काफी प्रोफेशन और रणजी स्तर के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### पठानिया ने बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने रैत में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक ढांचा प्रदान किया। उनका जीवन सामाजिक समानता, न्याय और अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे सदैव प्रेरणादायक रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज के समय में बाबा साहेब के विचारों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि समाज में समानता और भाईचारे को और सुदृढ़ किया जा सके। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### डाढ में छिंज बसोआ बैशाखी मेले का आगाज

**अनंत ज्ञान, चामुंडा।** बैसाखी के पावन अवसर पर डाढ क्षेत्र में तीन दिवसीय भव्य मेले का आयोजन 14 से 16 अप्रैल तक हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। मेले का शुभारंभ समाजसेवी वरुण कपूर ने शोभायात्रा, पूजा-अर्चना और झंडा रस्म के साथ किया। इस मेले में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी विशेष रौनक देखने को मिल रही है, जिसमें स्थानीय लोग और पर्यटक बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। मेले के दौरान तीन दिन तक कुश्ती प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। बुधवार को महिला रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर, स्पून रेस और हांडी फोड़ प्रतियोगिताएं होंगी, जिनमें विजेताओं को नगद पुरस्कार और स्मृति चिन्ह दिए जाएंगे। बड़ी माली के विजेता को 31 हजार और छोटी माली के विजेता को 21 हजार रुपए दिए जाएंगे।

# जिले में कुख्यात नशा तस्करों को पाबंद करने में जुटी पुलिस

## नौ नशा तस्कर सलाखों के पीछे धकेले, दस तस्करों पर पिट एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की तैयारी

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में कुख्यात नशा तस्करों को पाबंद करने में जिला पुलिस जुट गई है। इस वर्ष तीन माह में नौ नशा तस्कर सलाखों के पीछे धकेले जा चुके हैं।

वहीं, दस तस्करों के खिलाफ पिट एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की तैयारी पुलिस ने शुरू कर दी है। नशा तस्करों द्वारा समझाए घोले जा रहे नशे के जहर के खिलाफ पुलिस लामबंद है, जिसके चलते आए दिन चिट्टे के मामलों को पुलिस पकड़ रही है।

### नशा तस्करों पर आर्थिक प्रहार

पुलिस जिला कांगड़ा के तहत पुलिस अब नशा तस्करों के खिलाफ आर्थिक प्रहार कर रही है। पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत 10 मामलों में पकड़े जाने के बाद जमानत पर बाहर आकर या छूटने पर फिर से तस्करी का काम शुरू कर देते थे। तस्करी से बाज नहीं आ रहे इन तस्करों के खिलाफ पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कांगड़ा पुलिस ने आर्थिक प्रहार करने की शुरुआत की थी ताकि इसका सकारात्मक असर भी देखने को मिला है। जानकारी के अनुसार, 250 ग्राम चरस या 5 ग्राम से ऊपर चिट्टा बरामद होने की सूरत में ये एक्ट तब लगाया जाता है, जब आरोपी तस्कर पर 3 से ज्यादा मामले दर्ज हो जाएं। वित्तीय विश्लेषण में पुलिस ने पाया की तस्करों ने अवैध धंधे के सिर पर तस्कर करोड़ों रुपए की संपत्ति बना चुके हैं और आदतन अपराधी की तरह काम कर रहे हैं। जेल से छूटने के बाद तस्कर फिर से तस्करी शुरू कर देते, जिससे युवाओं की जिंदगी खराब हो रही थी। ऐसे में कांगड़ा पुलिस ने ऐसे तस्करों को सबक सिखाने के लिए पिट एनडीपीएस के तहत करवाई शुरू की है। इस एक्ट के तहत पुलिस कुल 10 मामलों में छानबीन कर इन मामलों में भारत सरकार के गृह मंत्रालय की मंजूरी का इंतजार कर रही है।

जिला पुलिस की प्राथमिकता पिट एनडीपीएस पर है, जिसमें कुख्यात तस्कर, आदतन नशा तस्कर जो कि नशे के धंधे में संलिप्त हैं, उनको हर तरह से पाबंद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्ष चिट्टे के मामले में 9 आदतन तस्करों को सलाखों के पीछे धकेला जा चुका है, जिन्हें नजरबंद किया गया है। इसके अलावा 10 नशा तस्कर जोकि बार-बार नशे के धंधे में संलिप्त पाए गए हैं, उन पर सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है, जिनको नजरबंद करने के प्रपोजल भेजे गए हैं, जैसे ही स्वीकृति मिलेगी, उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

**-अशोक रत्न, एसपी जिला कांगड़ा**

## कंडवाल में रेड; 189 अवैध लट्ठे बरामद, आरा मशीन सील

अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** वन परिक्षेत्र भद्रोया के रेंज अधिकारी की ओर से कंडवाल में एक आरा मशीन पर छापेमारी की गई, जिसमें 189 विभिन्न प्रजातियों के अवैध लट्ठे पकड़े गए।

वन परिक्षेत्र इंदौरा के रेंज अधिकारी अब्दुल हमीद की अगुवाई में वनरक्षक कंडवाल, वनरक्षक गंगथ तथा अन्य अधिकारियों ने बरांडा स्थित आरा मशीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रजिस्टर में लकड़ी का विवरण सही नहीं पाया गया तथा लट्ठों पर आवश्यक मुहर भी नहीं लगी मिली। इस आधार पर आरा मशीन को सील कर दिया गया। डीएफओ नूरपुर संदीप ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आगे भी कार्रवाई की जाएगी।



कंडवाल में आरा मशीन से अवैध लकड़ी पकड़ी। अनंत ज्ञान

## धर्मगुरु दलाईलामा से मिले पूर्व उप राष्ट्रपति धनखड़

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा के निवास स्थान धर्मशाला में त्सुगलाखांग मठ्ठ में मंगलवार को आध्यात्मिक और राजनीतिक सद्भाव का संगम देखने को मिला। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विशेष रूप से मैक्लोडगंज पहुंचकर तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाईलामा से मुलाकात की। उन्होंने दलाईलामा से आध्यात्मिक शिक्षा प्राप्त की, और विभिन्न वैश्विक व आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान दलाईलामा ने उपस्थित अनुयाइयों और अतिथियों को संबोधित करते हुए शांति, करुणा और मानवीय मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान विश्व में आपसी सद्भाव ही मानवता की रक्षा का एकमात्र मार्ग है। उन्होंने प्राचीन भारतीय ज्ञान और अहिंसा की परंपरा को आधुनिक युग की चुनौतियों का समाधान बताया। तिब्बति धर्मगुरु के दर्शनों के लिए त्सुगलाखांग मठ्ठ परिसर में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ विदेशों से आए लगभग 300 से अधिक बौद्ध अनुयायी उपस्थित रहे। पूर्व उपराष्ट्रपति की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। सुबह से ही मंदिर परिसर में अनुयायियों की लंबी कतारें लगी थीं।जिला प्रशासन कांगड़ा व पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे।

## प्रदेश में चरमराई कानून व्यवस्था: विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश की शांत वादियों में बढ़ते अपराधों ने जनमानस को झकझोर कर रख दिया है। इसी कड़ी में भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने राज्य की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर कड़ा प्रहार करते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं।

धर्मशाला में जारी बयान में उन्होंने कहा कि देवभूमि अब धीरे-धीरे 'क्राइम जोन' में तब्दील होती जा रही है, जहां सरकाघाट जैसे शांत क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई हत्या और चंबा में अवैध कटान रोकने गई वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमले ने प्रशासन के दावों की पोल खोल दी है। चक्षु ने स्पष्ट किया कि आज प्रदेश का हर नागरिक अपनी और विशेषकर अपनी बहन-बेटियों की सुरक्षा को लेकर गहरे असमंजस और चिंता में है, क्योंकि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि उन्हें न तो पुलिस का भय है और न ही कानून का सम्मान।

## ग्रीनलैंड स्कूल सूरजपुर में मनाया बैसाखी पर्व



**अनंन ज्ञान, इंदौरा।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर में चेयरमैन डॉक्टर रणवीर सिंह, सचिव कमलजीत सिंह व प्रधानाचार्य अनुमीत कौर की अध्यक्षता में बैसाखी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। पहली से दसवीं कक्षा तक के छात्रों ने नृत्य व भाषण प्रस्तुत कर सबका मन जीता। दूसरी, तीसरी, आठवीं, नौंवी और दसवीं कक्षा के छात्रों ने बैसाखी, डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती और हिमाचल दिवस पर भाषण प्रस्तुत कर जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं दी व बताया कि पंजाब और हरियाणा के खेतों में जब सुनहरी फसलें लहलहाने लगती हैं, तब खुशियों के इस पर्व की शुरुआत होती है। लेकिन बैसाखी सिर्फ एक फसल उत्सव नहीं है, यह सिख समुदाय के साहस, नई शुरुआत और धार्मिक पहचान का भी प्रतीक है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर के पदचिन्हों पर चलें लोग : सुधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को धर्मशाला के अंबेडकर चौक में धूमधाम से मनाई गई। भाजपा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सुधीर शर्मा ने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद डॉ. अंबेडकर ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ दल केवल राजनीतिक लाभ के लिए उनका नाम लेते हैं, जबकि भाजपा ने उन्हें वास्तविक सम्मान दिया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### बृज कुमार के घर जाकर नुकसान का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, गगल।** धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने चैतडू पंचायत में हाल ही में हुए अग्निकांड के बाद प्रभावित बृज कुमार के घर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव वित्तीय सहायता देने का आश्वासन दिया, ताकि पुनर्निर्माण में कोई कठिनाई न आए। इस दौरान विधायक ने गांववासियों की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। इसके बाद वे चैतडू स्थित गौशाला पहुंचे, जहां निरीक्षण कर गौ सेवा की। उन्होंने कर्मचारियों से बातचीत कर गौशाला की व्यवस्थाओं और समस्याओं की जानकारी भी ली।

### राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत की नारी सदैव शक्ति, संस्कार और सृजन की प्रतीक रही है। राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण रहा है, लेकिन निर्णय लेने वाले मंचों पर उनकी भागीदारी सीमित रही। ऐसे में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक कदम है, जो लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाता है। यह पहल नारी सशक्तिकरण को मजबूत करती है। इस दिशा में पहल के लिए नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए महिलाओं से जागरूक बनने की अपील की गई।

### बैजनाथ-पठानकोट रेल सेवा ठप, लोगों में रोष

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ-पपरोला से पठानकोट के बीच रेल सेवाएं पिछले लगभग तीन वर्षों से बाधित रहने के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस समस्या से गरीब वर्ग, कर्मचारी, व्यापारी, छात्र और पर्यटक सबसे अधिक प्रभावित हैं। लोगों का कहना है कि रेल यात्रा सस्ती होने के साथ आवश्यक सुविधाएं भी प्रदान करती है, जबकि बसों में इनका अभाव है। वर्तमान में केवल जोगिंद्रनगर से कांगड़ा तक सीमित रेल सेवाएं चल रही हैं, जिनकी समय-सारणी भी अनुकूल नहीं है। स्थानीय लोगों ने रेलवे विभाग से मांग की है कि क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण शीघ्र पूरा कर सेवाएं बहाल की जाएं।

### गढ़ खास में बाबा साहेब की जयंती मनाई

**अनंत ज्ञान राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के गढ़ खास में डॉ. भीमराव अंबेडकर की मनाई गई। भीमराव अंबेडकर युवा क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नन्हीं बेटियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि विजय राणा और भंडारी राम ने उनके विचारों पर चलने का आह्वान किया। भवन निर्माण की मांग पर परमार ने 20 हजार सहायता राशि देने की घोषणा की गई।

## सद्दू पंचायत के रोहित ठाकुर बने सुप्रीम कोर्ट के वकील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के तहत बड़ोह विकास खंड में सद्दूं पंचायत के रहने वाले रोहित ठाकुर सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता बने हैं। रोहित ने एडवोकेट नैतिता शर्मा के पास प्रैक्टिस की है। अब उनकी ट्रेनिंग पूरी हो गई है। रोहित ने बताया कि उनकी जमा दो तक पढ़ाई सद्दूं सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई है। उन्होंने साल 2007 में दसवीं सद्दूं से और 2009 में जमा दो की पढ़ाई ब्वॉयज स्कूल नगरोटा बगवां से पूरी की है। इसके बाद बड़ोह कॉलेज से ग्रेजुएशन की है। वहां वह 2013-14 में प्रेजिडेंट भी रह चुके हैं। ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने धर्मशाला रीजनल सेंटर से एलएलबी की पढ़ाई और धर्मशाला कॉलेज से ही एमएससी मैथ्स की पढ़ाई की। वह धर्मशाला और कांगड़ा में भी बतौर अधिवक्ता सेवाएं दे चुके हैं। कांगड़ा बार एसोसिएशन के महासचिव भी रहे हैं।



## शाहपुर में राज्यस्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

### सांसद भारद्वाज ने खिलाड़ियों को दिया जीत का मंत्र, नशे के खिलाफ निकाली रैली

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** जिला कांगड़ा फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में शाहपुर के खेल मैदान में राज्यस्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर नशे के खिलाफ जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशाल रैली भी निकाली गई, जिसमें खिलाड़ियों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चौहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश की 16 टीमें भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे लाना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है। मुख्य अतिथि ने सभी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल भावना, अनुशासन तथा टीमवर्क के महत्व पर प्रेरित किया। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल के साथ-साथ शिक्षा पर भी ध्यान देना जरूरी है, ताकि वे जीवन में हर क्षेत्र में सफल हो सकें। उन्होंने एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की और सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं दीं।



सांसद डॉ. राजीव ने एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की। अनंत ज्ञान

## नूरपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 1.210 किलो चरस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला नूरपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। सीआईए टीम नूरपुर ने मुस्तैदी दिखाते हुए नाकाबंदी के दौरान दो आरोपियों को 1 किलो 210 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई सकरी खड्ड श्मशानघाट (रेहन) के पास की गई, जहां पुलिस नियमित चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने एक ऑल्टो कार (एचपी47ए 2812) को जांच के लिए रोका। तलाशी लेने पर वाहन में सवार दो लोगों के कब्जे से 1.210 किलोग्राम चरस बरामद हुई। आरोपियों की पहचान रोबिन (33 वर्ष), निवासी नैनीखड्ड, तहसील भटियात, जिला चंबा और यूसुफ (24 वर्ष), निवासी चड़ियारा, जिला चंबा के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर ही चरस के साथ वाहन को जब्त कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना रेहन में मामला दर्ज किया है।

## बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम की तैयारी तेज, कल से शुरू होगा दूसरे चरण का मूल्यांकन


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम समय पर घोषित करने के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य को गति देने के लिए 16 अप्रैल से द्वितीय चरण की स्पॉट मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू की जा रही है। बोर्ड का उद्देश्य इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा करना है। मूल्यांकन कार्य की गंभीरता को देखते हुए सभी चयनित शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी शिक्षकों को निर्धारित केंद्रों पर समय पर पहुंचना होगा। उन्होंने कहा कि अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना बेहद आवश्यक है, ताकि परिणाम तैयार करने में कोई बाधा न आए। बोर्ड अध्यक्ष ने जिला उपनिदेशकों को भी निर्देश दिए हैं कि जहां शिक्षकों की कमी हो, वहां तुरंत योग्य शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। इससे मूल्यांकन कार्य प्रभावित नहीं होगा और सभी विषयों के परिणाम समय पर तैयार किए जा सकेंगे। डॉ. शर्मा ने कहा कि इस बार तीन मुख्य स्तंभों गुणवत्ता, गोपनीयता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बोर्ड का प्रयास है कि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच इस तरह से हो कि छात्रों को उनकी मेहनत का सटीक फल मिले और मूल्यांकन में त्रुटि की कोई संभावना न रहे। समयबद्ध तरीके से मूल्यांकन पूरा होने से छात्रों को आगामी उच्च शिक्षा के सत्र के लिए समय पर परिणाम मिल सकेंगे।

## कांग्रेस के सुशासन की पोल खुली, वेबसाइट पर पूर्व अध्यक्ष बिक्रम का नाम बरकरार

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के व्यवस्था परिवर्तन के दावे उस वक्त सवालों के घेरे में आ गए हैं, जब एक प्रमुख सरकारी बोर्ड की डिजिटल स्थिति सामने आई है। कांग्रेस सरकार को सत्ता संभाले हुए लगभग तीन साल का वक्त हो चुका है, लेकिन राज्य के महत्वपूर्ण संस्थानों में शामिल हिमाचल प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट आज भी पुरानी भाजपा सरकार के नेताओं के नाम से चल रही है।

वेबसाइट पर आज भी जसवां-परागपुर के पूर्व विधायक और भाजपा सरकार में उद्योग मंत्री रहे बिक्रम सिंह का नाम अध्यक्ष के तौर पर दर्ज है। हकीकत यह है कि वर्तमान में यह जिम्मेदारी मौजूदा उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के पास है। इसी तरह, उपाध्यक्ष पद पर भी पूर्व नियुक्त व्यक्ति पुरुषोत्तम गुलेरिया का नाम ही फ्लैश हो रहा है, जो अब पद पर नहीं हैं। इतना ही नहीं, निदेशक मंडल की सूची भी लचर है, जहां केवल पदनाम हैं, लेकिन सदस्यों के नाम गायब हैं। कांग्रेस सरकार के इतने लंबे कार्यकाल के बाद भी, एक सरकारी बोर्ड की डिजिटल पहचान को अपडेट न कर पाना सामान्य गलती नहीं है। यह प्रशासनिक शिथिलता और कार्य के प्रति गंभीर लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। चौंकाने वाली बात यह है कि ढाई साल बीत जाने के बावजूद, विभाग के अधिकारी अपनी वेबसाइट की जानकारी तक ठीक नहीं कर पाए हैं। अगर ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था से जुड़े खादी बोर्ड की ऑनलाइन जानकारी का यह हाल है, तो यह समझा जा सकता है कि प्रदेश सरकार के अन्य विभागों में पारदर्शिता और डिजिटलीकरण की जमीनी हकीकत क्या होगी? यह चूक सीधे तौर पर मुख्यमंत्री सुक्खू के सुशासन और व्यवस्था परिवर्तन के दावों पर प्रश्नचिह्न लगाती है।



Himachal Pradesh Khadi& Village Ind
(Cleave Land, Shimla-171004)

Constitution of the Board

The Board consists of not less then three and not more than nine official & non official members Presently the Board of Directors consist of following

Director/ Member of Board

| Sr No | Designation | Name |
|---|---|---|
| 1. | Chairman Hon'ble Industrial Minister | Sh. Bikram Singh |
| 2. | Vice Chairman | Sh.Purshottam Guleria |
| 3. | Member | Sh. Sagar Dutt Bhardwaj |
| 4. | Member | Sh. Pitamber Lal |
| 5. | Member | Sh. Chandra Pal Sharma |
| 6. | Member | Addl. Chief Secretary (Inds.) |
| 7. | Member | Director of Industries |

## श्रद्धा | श्रद्धालुओं ने कतारों में लगकर अर्धशिवलिंग के दर्शन कर कमाया पुण्य

# कालेश्वर में हजारों भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** परागपुर तहसील के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कालेश्वर में राज्यस्तरीय बैशाखी मेले की शुरुआत बेहद श्रद्धा और उत्साह के साथ हुई। मंगलवार तड़के चार बजे से ही पंचतीर्थी सरोवर और ब्यास नदी के तट श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठे। ब्रह्म मुहूर्त में शुरू हुए इस स्नान उत्सव में देखते ही देखते जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रशासन के अनुसार अब तक चालीस हजार से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। स्नान के पश्चात भक्तों की भारी भीड़ पौराणिक श्री कालीनाथ मंदिर की ओर बढ़ी, जहां लोगों ने घंटों कतारों में लगकर दुर्लभ अर्धशिवलिंग के दर्शन किए और पुण्य लाभ कमाया।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस स्थान का महत्व बहुत अधिक है, क्योंकि कहा जाता है कि महाभारत काल में अर्जुन ने अपने बाण से यहां जलधारा प्रकट की थी। स्थानीय संस्कृति में इस स्थान को आध्यात्मिक दृष्टि से हरिद्वार से भी ऊंचा दर्जा दिया जाता है। मंदिर के महंत स्वामी विश्वानंद द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशाल लंगर का प्रबंध किया गया। गोताखोरों की टीमें तैनात रही ताकि कोई अनहोनी न हो। हालांकि भारी भीड़ के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी नजर आई और वाहनों के दबाव के चलते लोगों परेशान हुए।



श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लंगर का भी प्रबंध किया। अनंत ज्ञान

### स्वास्थ्य जांच और जागरुकता शिविर लगाया

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बैसाखी कालेश्वर मेले के दौरान मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश कुमार फोतेदार की अध्यक्षता में विशेष स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। शिविर में डॉ. शाहिना शर्मा ने किशोरियों एवं अभिभावकों को एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह टीका गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव में सहायक है। साथ ही टीबी उन्मूलन अभियान के तहत लोगों को लक्षणों और उपचार के प्रति जागरूक किया गया। नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सराहना की।

## बीबीएमबी के अहम पदों पर पंजाब और हरियाणा का वर्चस्व खत्म

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** केंद्र सरकार ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के अहम पदों पर भर्ती नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए पंजाब और हरियाणा के पारंपरिक वर्चस्व को समाप्त कर दिया है। 1974 के नियमों में संशोधन कर अब सदस्य (पावर) और सदस्य (इरिगेशन) पदों के लिए देशभर से योग्य अधिकारियों के लिए रास्ता खोल दिया गया है। नए नियम, जिन्हें 'भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (संशोधन) नियम, 2026' कहा जा रहा है, के तहत इंजीनियरिंग डिग्री के साथ कम से कम 20 वर्ष का अनुभव और एक वर्ष मुख्य अभियंता के रूप में कार्य करना अनिवार्य कर दिया गया है। 1966 में पंजाब पुनर्गठन के बाद से यह परंपरा रही कि सदस्य (बिजली) पंजाब से और सदस्य (सिंचाई) हरियाणा से नियुक्त होते थे। हालांकि यह व्यवस्था नियमों में स्पष्ट नहीं थी, बल्कि एक परंपरागत व्यवस्था के रूप में लागू थी।

अब नए संशोधन से इस व्यवस्था में बदलाव आया है, हालांकि पंजाब और हरियाणा के अनुभवी अधिकारियों को प्राथमिकता देने की बात भी कही गई है। इस फैसले के बाद पंजाब में विरोध तेज हो गया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार पहले ही पानी बंटवारे, जमीन और सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर केंद्र और बीबीएमबी से टकराव में रही है। शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने इस फैसले के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए इसे पंजाब के हितों के खिलाफ बताया। वहीं शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने इसे संघीय ढांचे पर सीधा हमला करार दिया और फैसले को वापस लेने की मांग की। पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने भी इस निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि यह राज्य के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास है। पहले से ही पानी बंटवारे, जमीन के मालिकाना हक और सुरक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों पर विवाद जारी हैं, ऐसे में यह नया संशोधन केंद्र और पंजाब सरकार के बीच तनाव को और बढ़ा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### पपलाह में मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत पपलाह पंचायत में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, सामाजिक सुधारों तथा संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से शिक्षा अपनाने और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इस अवसर पर मिल्खी राम, परमा नंद, बख्शी राम, अनूप शर्मा, पवन कुमार, प्रताप चंद, रमेश चंद, रीपन कुमार, राजेंद्र कुमार, नरोत्तम चंद, अशोक कुमार, राकेश कुमार, रणवीर सिंह, हेमराज, कुलदीप परवाना तथा दिनेश भाटिया आदि उपस्थित रहे।

### 19 को होगी मां सरस्वती प्रतिमा की स्थापना

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन कलूर नादौन में 18-19 अप्रैल को मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा तथा यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियां कॉलेज परिसर में जोरों पर चल रही हैं। 18 अप्रैल को सुबह स्वामी नित्यानंद गिरि जी महाराज के आशीर्वचन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके बाद कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न होगा। 19 अप्रैल को प्रतिमा स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा, हवन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### धूमल ने डॉ. अंबेडकर को अर्पित की श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने देवभूमि हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रो. धूमल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष और सामाजिक न्याय का प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने और संविधान निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। हिमाचल स्थापना दिवस को उन्होंने संस्कृति और गौरव का प्रतीक बताया तथा प्रदेश की प्रगति की कामना की।

### डीएवी स्कूल भड़ोली में बैसाखी पर्व की धूम

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में बैसाखी का पावन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। नृत्य और सामूहिक गीतों ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और विद्यालय परिसर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। कई विद्यार्थियों ने बैसाखी के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रेरणादायक उद्बोधन भी दिए। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने विद्यार्थियों को परिश्रम, कृतज्ञता और अपनी संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा दी तथा त्योहारों को मिलजुल कर मनाने का संदेश दिया।

### राजपूत महासभा ने युवती की हत्या पर जताया दुख

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजपूत महासभा मंडी जिला ने सरकाघाट क्षेत्र में 19 वर्षीय सिया गुलेरिया की निर्मम हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया है। महासभा ने सरकार से आरोपियों को कठोरतम सजा देने की मांग की है। साथ ही प्रदेश में बढ़ रहे नशे के कारोबार पर चिंता जताते हुए महासभा ने नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कानून बनाने की अपील की है।

### विधायक आशीष ने बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मेरा युवा भारत हमीरपुर की ओर से मंगलवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला उपायुक्त कार्यालय परिसर में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा की स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई की तथा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विधायक आशीष शर्मा ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। अंत में सभी ने उनके आदर्शों को अपनाने की शपथ ली।

### हमीरपुर में विस अध्यक्ष पठानिया फहराएंगे ध्वज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 79वां हिमाचल दिवस 15 अप्रैल को जिले में मनाया जाएगा। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में जिला स्तरीय समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सुबह 11 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे।

### चिंतपूर्णी में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ आज से

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी के पावन धाम में 15 से 22 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन बाबा माईदास समाधि स्थल, सिविल अस्पताल के नजदीक चिंतपूर्णी में आयोजित हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। आयोजकों के अनुसार इस धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को सुबह 9:30 बजे भव्य कलश शोभायात्रा के साथ किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व महिलाओं ने कलश उठाकर माता के जयकारों के साथ शोभायात्रा में भाग लिया व पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। इसके बाद 15 से 21 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्रीमद् देवी भागवत महापुराण की कथा एवं प्रवचन होंगे। कथा वाचन आचार्य डॉ. राम कुमार कौशल व्यास (नारी चिंतपूर्णी) द्वारा किया जाएगा, जो राज्य सरकार द्वारा सम्मानित विद्वान हैं। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को देवी भागवत महापुराण का ज्ञान व भक्ति का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 22 अप्रैल को सुबह 10 बजे पूर्णाहुति के साथ होगा। इसी दिन दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### मां बगलामुखी जयंती के उपलक्ष्य पर होगा भव्य कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मां बगलामुखी धाम, नारी चिंतपूर्णी में मां बगलामुखी जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर संरक्षक पुजारी यशपाल कौल की अध्यक्षता में हुई स्थायी समिति की बैठक में इस उत्सव को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। समिति के अध्यक्ष अखिलेश कौल ने बताया कि 23 तारीख की शाम को 'साई संध्या' का विशेष आयोजन होगा, जिसमें भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था रहेगी। 24 को सुबह से देर रात तक मंदिर के पावन हवन कुंड में आहुतियां डाली जाएंगी। खास बात यह है कि श्रद्धालुओं के लिए आहुति की प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क रखी गई है। मंदिर कमेटी ने दूर-दराज से आने वाले भक्तों के ठहरने के लिए मुफ्त आवास व पूरे दिन निरंतर लंगर का प्रबंध किया है। कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे भारी संख्या में पहुंचकर इस आठवीं महाविद्या मां बगलामुखी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### कुलदीप ने बाबा साहेब के विचारों पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** संतोषगढ़ स्थित गुरु रविदास मंदिर परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में जागरूकता व निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग ऊना और डॉ. भीमराव अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान व पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कुलदीप धीमान ने अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग को सरकारी योजनाओं और अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बाबा साहेब के जीवन को समानता और सामाजिक न्याय का प्रतीक बताते हुए उनके विचारों को अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान वार्ड नंबर 4 और 5 का नाम अंबेडकर नगर रखने की घोषणा भी की गई। शिविर में विशेषज्ञों ने लोगों को अधिकारों और सुविधाओं की जानकारी दी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** खुरवाई में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। अपने संबोधन में दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि भारतीय संविधान विश्व के सबसे सशक्त संविधानों में से एक है, जिसे डॉ. अंबेडकर ने देश के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के उद्देश्य से तैयार किया। उन्होंने बाबा साहेब के जीवन को संघर्ष और आत्मसम्मान की मिसाल बताते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने संविधान की मर्यादा बनाए रखने और बाबा साहेब के विचारों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# अनुराग ने वरिष्ठ कार्यकर्ता किए सम्मानित

## अंबेडकर जयंती पर सांसद बोले- वरिष्ठ कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत और पहचान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लग कढ़ियार स्थित अंबेडकर भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं सुजानपुर से पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, सुजानपुर विधानसभा के दोनों मंडल अध्यक्ष विक्रम राणा व जसवंत सिंह तथा बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अनुराग ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज जब वह मंच पर खड़े हैं, तो केवल एक वक्ता के रूप में नहीं, बल्कि उस पीढ़ी के प्रतिनिधि के रूप में खड़े हैं, जो वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के संघर्ष, त्याग और समर्पण की नींव पर खड़ी है। उन्होंने कहा कि 40 साल का समय कोई छोटा कालखंड नहीं होता और चार दशकों तक कार्यकर्ताओं ने पार्टी के झंडे को अपने कंधों पर उठाकर हर परिस्थिति में संगठन को मजबूत किया। आज भाजपा एक विशाल वटवृक्ष के रूप में खड़ी है, जिसकी जड़ें वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं और नई पीढ़ी उसकी शाखाएं और पत्ते हैं। जड़ों के बिना कोई भी वृक्ष खड़ा नहीं रह सकता, इसलिए वरिष्ठ कार्यकर्ता पार्टी की असली ताकत और पहचान हैं।




युवाओं से वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुभव से सीखने का किया आह्वान। अनंत ज्ञान

अनुराग ने युवाओं से आह्वान किया कि वे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुभव से सीखें, उनके साथ समय बिताएं और राजनीति के साथ-साथ जीवन के मूल्यों को समझें। उन्होंने आश्वस्त किया कि पार्टी अपने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को कभी नहीं भूलेगी और सम्मान की पहली पंक्ति हमेशा उनकी रहेगी।

उन्होंने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मार्गदर्शक की भूमिका निभाने का आग्रह करते हुए कहा कि वे संगठन को सही दिशा दिखाते रहें। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर से जुड़े सभी प्रमुख स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया गया है।

उन्होंने कहा कि संविधान दिवस मनाने और अंबेडकर जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान देने का कार्य भी वर्तमान सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर का निर्माण कर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

## तकनीकी विवि प्रवेश परीक्षा के लिए अभी तक 5206 ने किया आवेदन

**अनंत ज्ञान, अनिल कुमार, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थी 19 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभी तक प्रवेश परीक्षा के लिए 5206 से अधिक अभ्यर्थियों के आवेदन आ चुके हैं, जिसमें बीटेक के लिए 3100 और बी फार्मेसी के लिए लगभग 1800 अभ्यर्थियों ने अभी तक आवेदन किया है। इसके अलावा अन्य विषयों के लिए आवेदन आए हैं।

**◆ बी फार्मेसी, बीटेक एमबीए, एमसीए सहित अन्य विषयों के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी**

प्रवेश परीक्षा 9 व 10 मई को आयोजित की जाएगी। इस वर्ष तकनीकी विवि का कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 9 व 10 मई को होगा। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि इस बार कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 9 व 10 मई को आयोजित किया जाएगा, जिसके आवेदन करने की प्रक्रिया जारी है। अधिष्ठाता शैक्षणिक ने कहा कि प्रवेश परीक्षा 9 मई को सुबह के सत्र में 9 से 11 बजे तक बीएससी एचएम एंड सीटी, बीएचएमसीटी और एमएससी पर्यावरण विज्ञान की प्रवेश परीक्षा होगी। वहीं, दस मई को सुबह के सत्र में 9 से 11 बजे तक एमएससी भौतिक विज्ञान, 9 से सवा 12 बजे तक बीटेक व बी फार्मेसी की प्रवेश परीक्षा होगी। 10 मई को ही सायं के सत्र में 2 से 4 बजे तक एमसीए, एमबीए और एमबीए पर्यटन की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा फॉर्म भरने और उपरोक्त विषयों में प्रवेश के लिए पात्रता सहित अन्य जानकारी तकनीकी विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर जारी प्रारूप में अभ्यर्थी देख सकते हैं।

## बाबा लखबीर दास मंदिर झंडवीं में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज की बाहन्वीं पंचायत के झंडवी गांव में बैसाखी पर्व के अवसर पर बाबा लखबीर दास मंदिर में मंगलवार को झंडा चढ़ाने की पारंपरिक रस्म बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन होता रहा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन होकर भगवान के गुणगान करते रहे।

झंडा चढ़ाने की मुख्य रस्म लगभग साढ़े ग्यारह बजे विधिवत पूजा के साथ पूरी हुई, जिसके बाद पूरा वातावरण जयकारों से गूंज उठा। इस धार्मिक आयोजन में बिलासपुर, हमीरपुर और मंडी जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह मंदिर लोगों की गहरी आस्था का केंद्र है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होने की मान्यता है। दिनभर चले भंडारे में भी सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में समिति सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।



झंडा चढ़ाने की रस्म के दौरान पूजा अर्चना करते हुए कमेटी के सदस्य। अनंत ज्ञान

## अंबेडकर जयंती पर बिझड़ी ताल स्टेडियम से निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** 14 अप्रैल को पूरे देश के साथ-साथ विधानसभा क्षेत्र बड़सर में भी भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। भीषण गर्मी के बावजूद बड़सर कांग्रेस परिवार में जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। यह पहला अवसर रहा जब क्षेत्र में इतनी बड़े स्तर पर जयंती का आयोजन किया गया, जो सामाजिक एकता का प्रतीक बना। रैली का शुभारंभ बिझड़ी ताल स्टेडियम से हुआ और यह सोहारी, सलौनी होते हुए बड़सर चौक तक पहुंची तथा वापसी में गारली में जलपान के बाद पुनः स्टेडियम में संपन्न हुई। इस आयोजन में सुभाष ढटवालिया, राजेश बन्याल, कृष्ण चौधरी, पवन कालिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में एससी सेल अध्यक्ष इंजीनियर हरीश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया और बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## पालमपुर टीम बनी वॉलीबाल विजेता



विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** खेल मंडल जंदरु की ओर से आयोजित एक दिवसीय वॉलीबाल ट्रॉफी प्रतियोगिता में सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

जंदरु पहुंचने पर खेल मंडल एवं ग्रामवासियों ने विधायक का स्वागत व अभिनंदन किया गया। विधायक ने खिलाड़ियों से संवाद किया और प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में कुल 9 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला ऊना और पालमपुर के बीच खेला गया, जिसमें पालमपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। विधायक ने कहा कि खेल खेलना अच्छी बात है, लेकिन उससे भी अच्छी बात है खेल में हिस्सा लेना। विधायक ने कहा कि नशे को भगाने के लिए सिर्फ एक सहारा खेल है, जिस व्यक्ति को खेल का नशा होगा उसे किसी और गलत नशे की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। विधायक घोषणा की कि जमीन उपलब्ध होते ही मैदान का निर्माण किया जाएगा। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को ट्रॉफी व कैश प्राइज देकर सम्मानित किया व विधायक ने अपनी तरफ से खेल मंडल जंदरु को 15,000 रूपए की राशि दी। इस अवसर पर खेल मंडल जंदरु ने विधायक द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे विकासात्मक कार्यों की सराहना करते हुए एक प्रशंसा प्रस्ताव भी पारित किया।

## ऊना में पांच साल में बचाई 82 जिंदगियां और सैकड़ों मवेशी

अनंत ज्ञान

**ऊना।** ऊना के अग्निशमन केंद्र में अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम 14 अप्रैल वर्ष 1944 को मुंबई में 66 दमकल कर्मियों व हिमाचल के दो फायर फाइटर शहीदों की शहादत को लेकर दिवंगत कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए स्टेशन में 2 मिनट का मौन रखा गया व शहीदों को श्रद्धांजलि आपूर्ति की।

अग्निशमन सुरक्षा सेवा सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर कर्मियों की सराहनीय सेवाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि जिले में अग्निशमन कर्मचारी फ्रंट लाइन पर सराहनीय कार्य कर रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में अग्निशमन विभाग ऊना ने सराहनीय कार्य करते हुए 82 लोगों की जिंदगियां बचाई हैं और सैकड़ों मवेशी भी रेस्क्यू किए है। वहीं, करोड़ों की सरकारी व निजी संपत्ति को जलने से बचाया है। इस दौरान केंद्र में साजोसामान की प्रदर्शनी भी लगाई भी लगाई गई। आग के हादसे घटित न हो। इसमें दो फायर




ब्रिगेड गाड़ियों समेत दलबल ने शहर के क्षेत्रीय अस्पताल, बस अड्डा ऊना व मेहतपुर में जाकर लोगों को आग के प्रति अलर्ट किया व इश्तहारों को बांटा। ये अभियान 20 अप्रैल तक जारी रहेगा। सुरेश कुमार ने कहा कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारी अपनी जान को जोखिम में डालकर अनमोल जीवन को बचाते हैं व आग से होने वाले नुकसान को कम से कम करने के लिए आग से जूझते हैं। इसके अतिरिक्त रेस्क्यू करके भी जान बचाई जाती है। प्रदेश में फायर विभाग का अपना एक अलग रुतबा है। जिले में 14 से 20 अप्रैल तक सार्वजनिक स्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, फैक्टियरों व अन्य स्थानों पर जाकर आग के बारे में जागरूक करेंगे व इश्तेहार बांटेंगे।

## एबीवीपी ने बैसाखी पर किया खीर का वितरण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई ऊना ने बैसाखी के शुभ अवसर पर सामाजिक सद्भाव व सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर-राज्यीय बस टर्मिनल ऊना के समीप खीर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के तहत एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने अंतर-राज्यीय बस टर्मिनल, ऊना- धर्मशाला राष्ट्रीय राजमार्ग व आस-पास के इलाकों में छात्रों, शिक्षकों तथा स्थानीय नागरिकों को खीर बांटी। बैसाखी के त्योहार को फसल कटाई व नए वर्ष की शुरुआत के रूप में मनाते हुए, इस पहल के माध्यम से संगठन ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। एबीवीपी के इकाई मंत्री नवी ने कहा, 'बैसाखी न केवल पंजाब/हिमाचल की फसल का त्योहार है, बल्कि पूरे भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। एबीवीपी छात्रों के बीच भाईचारे व सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज खीर वितरण के माध्यम से हमने यह संदेश दिया कि त्योहार मनाना मात्र नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग तक खुशी व मिठास पहुंचाना भी हमारा उद्देश्य है।

## बाबा साहेब के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को किया याद, पुष्पांजलि की अर्पित



डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर श्री गुरु रविदास सभा बहडाला, ऊना द्वारा अंबेडकर भवन बहडाला में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जालंधर से आई प्रगति कला केंद्र, लांडरा की टीम ने शानदार कोरियोग्राफी प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। कलाकारों ने प्रदर्शन के माध्यम से बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्षों व सामाजिक न्याय के लिए किए गए कार्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025-26 के मेधावी स्टूडेंट्स को सभा ने सम्मानित किया। इस मौके पर सभा के प्रधान फकीर चंद, महासचिव अशोक, कोषाध्यक्ष कुशल बसरा, रवि बंगा, ज्योति लाल बग्गा, मदन, यशपाल, सुरजीत फौजी, बलराम, होशियार सिंह, जगमोहन, गुरमीत, नरेश, अश्वनी, राजेश बग्गा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती पर विधायक विवेक ने किया याद, दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** भारत के संविधान निर्माता व भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के जोगी पंगा स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक विवेक शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत करते हुए बाबा साहेब को श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किए व उनके जीवन व योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाया गया भारतीय संविधान आज पूरे देश में जनसेवा का सबसे मजबूत आधार बनकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान ने देश के हर नागरिक को समान अधिकार प्रदान किए हैं, लोकतंत्र को मजबूत बनाने में इसकी अहम भूमिका रही है। विवेक शर्मा ने अपने संबोधन में बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891 को मध्य प्रदेश के मऊ में एक साधारण परिवार में हुआ था। उन्होंने बचपन से ही अनेक कठिनाइयों व सामाजिक भेदभाव का सामना किया, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी व शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद उच्च शिक्षा के लिए विदेश का रुख किया। उन्होंने अमेरिका के कोलंबिया विश्व विद्यालय व इंग्लैंड के लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से उच्च शिक्षा प्राप्त की, इतनी कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में जो उपलब्धियां हासिल कीं, वह आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

## हरोली उत्सव : पशुपालन विभाग की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला ऊना के रोड़ा मैदान में आयोजित हरोली उत्सव के दौरान पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इन कार्यक्रमों में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की व पशुपालकों व प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

उत्सव में काफी संख्या में लोगों ने प्रदर्शनी केंद्र का अवलोकन कर विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली। प्रदर्शनी केंद्र में आधुनिक डेयरी प्रतिरूप व कड़कनाथ प्रजाति के पक्षियों का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहा। विभाग की तकनीकी टीम ने मौके पर ही पशु चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करते हुए 50 पशुओं के गोबर के नमूने, विभिन्न परजीवियों की जांच के लिए और थनैला रोग की जांच के लिए 45 पशुओं के दूध के नमूनों का परीक्षण भी किया। इसके अलावा किसानों को कड़कनाथ मुर्गी पालन की वैज्ञानिक विधियों व विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। आयोजन के दूसरे दिन बछड़ी रैली का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि उपमुख्यमंत्री



उत्तम नस्ल के गोवंश को देखते उपमुख्यमंत्री। अनंत ज्ञान

द्वारा किया गया। इस रैली में कुल 46 बछड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत विदेशी, स्वदेशी व भैंस श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं के अलावा सभी प्रतिभागियों को विभाग की ओर से पशु आहार व आकर्षक उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। उत्सव के तीसरे दिन आयोजित श्वान प्रदर्शनी में उपमुख्यमंत्री ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस प्रतियोगिता में छोटी, मध्यम व बड़ी श्रेणियों में श्वानों ने भाग लिया, जहां विजेताओं व प्रतिभागियों को उपहार भेंट किए गए। इसी दिन क्षेत्र के उच्च नस्ल के उत्कृष्ट पशुओं का भी प्रदर्शन किया गया, जो पशुपालकों के लिए वैज्ञानिक प्रजनन के प्रति आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण नालागढ़ स्थित टीवीएस कंपनी के 'बेल्जियन शेफर्ड' नस्ल के श्वानों की जोड़ी व पुलिस लाइन झलेड़ा के प्रशिक्षित श्वान का प्रदर्शन रहा। उनके द्वारा दिखाए गए विशेष करतबों व अनुशासित प्रस्तुति के प्रति मुख्यातिथि व स्थानीय जनता का विशेष उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर विभाग द्वारा जिला ऊना में पशु कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राधा माधव सेवा कुंज जखेड़ा व एनिमल रेस्क्यू सोसायटी ऊना की भूमिका को विशेष रूप से सराहा गया। कार्यक्रम के समापन पर पशु स्वास्थ्य व प्रजनन विभाग के उपनिदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह पटियाल ने आयोजन की सफलता व रचनात्मक योगदान के लिए वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. परमेश डोगरा, समस्त पशु चिकित्सा अधिकारियों व अन्य स्टाफ की सराहना की।

## बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को दे रहे नई दिशा : वीरेंद्र कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उपमंडल बंगाणा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय वॉलीबाल फेडरेशन के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र कंवर ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया व बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान वीरेंद्र कंवर ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया व उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति तथा क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर बाबा साहेब के जीवन व उनके संघर्षों को याद करते हुए उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वीरेंद्र कंवर ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान की रचना कर देश को समानता, न्याय श्‍ अधिकारों का मजबूत आधार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के कमजोर, पिछड़े व वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए आजीवन संघर्ष किया व उनके प्रयासों से ही आज देश में सभी वर्गों को समान अधिकार प्राप्त हैं।

**सही** स्थान पर बोया गया सुकर्म का बीज ही समय आने पर महान फल देता है।

–कथा सरित्सागर

## संपादकीय

### बिहार की राजनीति में नया मोड़

सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना जाना बिहार की राजनीति में एक बड़े परिवर्तन के रूप में देखा जा रहा है। इसके साथ ही उनके मुख्यमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को हो होना है। यह घटनाक्रम राज्य की बदलती राजनीतिक दिशा और शक्ति संतुलन का संकेत है। बिहार, जहां राजनीति हमेशा से सामाजिक समीकरणों, जातीय आधार और गठबंधनों के इर्द-गिर्द घूमती रही है, वहां यह बदलाव एक नए अध्याय की शुरुआत है। 75 वर्षों के राजनीतिक इतिहास में यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, जब भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में राज्य की सत्ता का नया चेहरा सामने आ रहा है। यह बदलाव न केवल राजनीतिक दलों के लिए, बल्कि पूरे प्रशासनिक ढांचे और जनता की अपेक्षाओं के लिए भी महत्वपूर्ण है।

सम्राट चौधरी का राजनीतिक सफर किसी एक सीधी रेखा की तरह नहीं रहा। वे एक मजबूत राजनीतिक पृष्ठभूमि से आते हैं। उनके पिता शकुनी चौधरी बिहार की राजनीति में एक जाना-पहचाना नाम रहे हैं। इसी पारिवारिक विरासत ने उन्हें राजनीति में शुरुआती पहचान दिलाई, लेकिन उनकी व्यक्तिगत राजनीतिक यात्रा संघर्ष और उतार-चढ़ाव से भरी रही। राजनीति में उनका प्रवेश कम उम्र में हुआ और वे मंत्री पद तक भी पहुंचे, लेकिन शुरुआती दौर में विवादों और पद छोड़ने जैसी परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ा। यह दौर उनके लिए एक राजनीतिक सीख का समय रहा, जिसमें उन्होंने प्रशासन, संगठन और सत्ता की जटिलताओं को करीब से समझा। 2018 का वर्ष उनके राजनीतिक जीवन का निर्णायक मोड़ माना जाता है, जब उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। यहीं से उनकी राजनीतिक गति तेज हुई। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने संगठनात्मक क्षमता, आक्रामक राजनीतिक शैली और सामाजिक समीकरणों की समझ के जरिए अपनी मजबूत पहचान बनाई। विशेष रूप से ओबीसी वोट बैंक पर उनकी पकड़ और जमीनी स्तर पर संपर्क ने उन्हें पार्टी के भीतर एक महत्वपूर्ण चेहरा बना दिया।

भाजपा के भीतर उनका उभार यह दर्शाता है कि संगठन में उन नेताओं को लगातार अवसर मिलते हैं, जो जमीनी स्तर पर प्रभाव रखते हैं और राजनीतिक परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाल सकते हैं। यही कारण है कि आज वे मुख्यमंत्री पद की कुर्सी तक पहुंचने वाले हैं। हालांकि यह भी सच है कि राजनीति में कोई भी पद स्थायी नहीं होता। बिहार की राजनीति में समीकरण तेजी से बदलते रहे हैं। कभी गठबंधन बनते हैं, कभी टूटते हैं और सत्ता का संतुलन अचानक बदल जाता है। यही बिहार की राजनीति की सबसे बड़ी विशेषता और चुनौती दोनों है।

दूसरी ओर, यह बदलाव विपक्ष के लिए भी एक बड़ा झटका माना जा रहा है। लंबे समय तक बिहार की राजनीति में प्रभाव रखने वाले लालू प्रसाद यादव परिवार के लिए यह समय राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण दिखाई देता है। जहां एक समय में इस परिवार का राज्य की सत्ता पर मजबूत प्रभाव था, वहीं आज परिस्थितियां काफी बदल चुकी हैं। इसके साथ ही नीतीश कुमार की भूमिका भी अब एक नए मोड़ पर पहुंचती दिखाई दे रही है। लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने के बाद उनका केंद्र की राजनीति या राज्यसभा की ओर जाना बिहार की सत्ता संरचना में बड़े बदलाव का संकेत देता है। उनके अनुभव और राजनीतिक रणनीतियों ने बिहार को कई वर्षों तक स्थिर नेतृत्व दिया, लेकिन अब एक नई पीढ़ी सत्ता के केंद्र में आती दिख रही है।

बिहार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि क्या यह नया नेतृत्व स्थिरता, विकास और रोजगार जैसे मुद्दों पर अपेक्षित परिणाम दे पाएगा। राज्य की बड़ी आबादी, युवाओं की उम्मीदें, रोजगार की समस्या, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतें अब भी प्रमुख एजेंडे में हैं। सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी जिम्मेदारी यही होगी कि वे राजनीतिक जीत को प्रशासनिक सफलता में बदलें। केवल सत्ता प्राप्त करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना असली परीक्षा होती है। बिहार की राजनीति हमेशा से परिवर्तनशील रही है, और यह नया अध्याय भी उसी परंपरा का हिस्सा है।

आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नया नेतृत्व किस तरह गठबंधन की राजनीति, प्रशासनिक चुनौतियों और विकास के एजेंडे को संतुलित करता है। कुल मिलाकर, यह बदलाव केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि एक नई राजनीतिक दिशा की शुरुआत है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि यह नया नेतृत्व बिहार को स्थिरता और विकास की किस राह पर ले जाता है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय हॉकी की प्रेरणादायक सितारा

**वंदना कटारिया** भारतीय महिला हॉकी टीम की एक प्रमुख खिलाड़ी हैं, जो फॉरवर्ड पोजीशन पर खेलती हैं। उनका जन्म 15 अप्रैल 1992 को रोशनाबाद, उत्तराखंड में हुआ था। उन्होंने कठिन सामाजिक परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद खेल जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वंदना कटारिया ने 2006 में जूनियर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया और 2010 में सीनियर भारतीय टीम में शामिल हुईं। इसके बाद उन्होंने लगातार अपने प्रदर्शन से टीम में मजबूत स्थान बनाया। उन्होंने अब तक 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जो उनकी निरंतरता और अनुभव को दर्शाता है।



वंदना कटारिया
जन्म : 15 अप्रैल, 1990

उनके करियर का सबसे यादगार पल टोक्यो ओलंपिक 2020 में आया, जहां वे ओलंपिक हॉकी में हैट्रिक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। यह उपलब्धि भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में एक मील का पत्थर मानी जाती है।

वंदना का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। एक ऐसे क्षेत्र से आने के बावजूद जहां लड़कियों के खेलों में भाग लेने को सहज रूप से स्वीकार नहीं किया जाता था, उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से सभी बाधाओं को पार किया। बचपन में सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने खेल का अभ्यास जारी रखा और परिवार के विरोध के बावजूद अपने सपने को जीवित रखा। उनके पिता ने हमेशा उनका समर्थन किया, जबकि सामाजिक दबाव कई बार उनके रास्ते में बाधा बना। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अपने खेल पर ध्यान केंद्रित रखा।

वंदना कटारिया को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 2021 में अर्जुन पुरस्कार और 2022 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया। ये सम्मान उनके समर्पण और देश के लिए योगदान का प्रमाण हैं।

उन्होंने एशियन स्तर की प्रतियोगिताओं में भी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं और कई पदक अपने नाम किए हैं। वंदना कटारिया की कहानी केवल खेल उपलब्धियों की नहीं, बल्कि संघर्ष, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की प्रेरक गाथा है। ■



ग़ज़ल

### 'मेरे अपने हैं कोई!'

अमित मैहरा, एचएएस, एडीसी, चंबा (हि.प्र.) मोबाइल : 9459576007

**हमीं** पे आशना है, हमारा ही अक्स है वो!
दिल भी है वो हमारा, और दिल से ही जुदा है वो!
कभी फ़क़त एक सफा, तो कभी किताब जिंदगी की तमाम है वो
फरेब लगता है कभी सब कुछ! ये जानते हुए भी,
कि मेरी दुआ, मेरा खुदा है वो!

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# संस्कृति, प्रकृति व प्रगति का अटूट संगम हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश एक ऐसा पहाड़ी प्रदेश, जो यहां के पहाड़ों की तरह ही चुनौतियां व विषम परिस्थितियों के बावजूद निरंतर विकास के पथ पर प्रगतिमान है। प्रकृति ने यहां बेसुमार खुबसूरती बख्शी है तो दूसरी तरफ यहां के बाशिदों ने उससे खूबसूरत संस्कृति को सहेजा है।



ठाकुर दीक्षित धलारिया
स्वतंत्र लेखक, संधोल, मंडी
मोबाइल : 9805984896

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

15 अप्रैल 1948 का दिन हिमाचल प्रदेश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। इसी दिन विभिन्न रियासतों को एकीकृत कर इस प्रदेश की स्थापना की गई। प्रारंभ में लगभग 27,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली 30 रियासतों को मिलाकर इसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। 1954 में बिलासपुर के विलय के बाद इसका क्षेत्रफल बढ़ा और 1966 में पंजाब के पहाड़ी क्षेत्रों के जुड़ने से इसका वर्तमान स्वरूप अस्तित्व में आया। आज हिमाचल प्रदेश न केवल प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्र में भी एक आदर्श के रूप में उभरा है।

प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार के दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों से शुरू हुआ विकास का यह सफर आज भी निरंतर जारी है। बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। हालांकि भौगोलिक कठिनाइयों के कारण कुछ क्षेत्र अभी भी विकास की मुख्यधारा से पूर्णत: नहीं जुड़ पाए हैं। हिमाचल को देवभूमि और वीरभूमि के नाम से जाना जाता है। यहां के वीर सपूतों ने देश सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया है। इस भूमि के लोगों का शौर्य और त्याग सदैव प्रेरणादायक रहा है।

किसी भी समाज का वास्तविक विकास उसकी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर निर्भर करता है। हिमाचल प्रदेश इस दृष्टि से एक आदर्श उदाहरण है। आधुनिकता और तकनीकी बदलावों के बावजूद यहां की संस्कृति आज भी जीवंत और सुरक्षित है। लोकनृत्य, लोकसंगीत, लोकनाट्य और परंपराएं आज भी लोगों के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। हिमाचल प्रदेश वर्षभर पर्यटकों को आकर्षित करता है।

सर्दियों की बर्फबारी और गर्मियों की ठंडी वादियां इसे हर मौसम में विशेष बनाती हैं। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण लोगों को अपनी ओर खींचता है। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की चहल-पहल से यहां की वादियां सदैव जीवंत रहती हैं। हिमाचली संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सामूहिकता है। यहां के लोग मिलजुलकर अपने रीति-रिवाजों और परंपराओं का निर्वहन करते हैं।



विवाह, त्योहार या अन्य उत्सवों में सामूहिक सहभागिता देखने को मिलती है। 'हिमाचली धाम' इस संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें सभी लोग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं, चाहे वह किसी भी पद या स्थिति का क्यों न हो। लोक संस्कृति के रूप में 'पहाड़ी नाटी' और लोकसंगीत हिमाचल की पहचान हैं।

इनकी धुन पर हर कोई थिरकने को मजबूर हो जाता है। यही कारण है कि यहां आने वाले पर्यटक भी इन लोकनृत्यों का आनंद लेने से खुद को रोक नहीं पाते। हिमाचल की देव संस्कृति भी अत्यंत समृद्ध है। यहां प्रत्येक गांव या समूह का अपना देवता होता है, जिसकी पूजा हर शुभ अवसर पर की जाती है। मेलों और त्योहारों में देवताओं की झांकियां इस परंपरा को जीवंत बनाए रखती हैं। हस्तकलाओं के क्षेत्र में भी हिमाचल का विशेष स्थान है। कांगड़ा कलम, हिमाचली टोपी, किन्नौरी शॉल और चंबा के रूमाल जैसी कलाएं इसकी सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यहां की कला न केवल स्थानीय बल्कि वैश्विक स्तर पर भी सराही जाती है।

प्राकृतिक संसाधनों के साथ सामंजस्य हिमाचली संस्कृति की एक और विशेषता है। यहां के त्योहारों और परंपराओं में प्रकृति की पूजा और संरक्षण का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। जल स्रोतों, वृक्षों और अन्य प्राकृतिक तत्वों को विशेष महत्व दिया जाता है। वैश्वीकरण के इस दौर में जहां अनेक संस्कृतियां अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं, वहीं हिमाचली संस्कृति आज भी अपनी पहचान बनाए हुए है। हालांकि आधुनिकता के प्रभाव से कुछ परिवर्तन अवश्य हुए हैं, परंतु मूल स्वरूप अभी भी सुरक्षित है।

फिर भी यह आवश्यक है कि हम अपनी लोक संस्कृति, विशेषकर हिमाचली बोलियों के संरक्षण के प्रति सजग रहें। आज कई पारंपरिक कलाएं केवल विशेष अवसरों तक सीमित होकर रह गई हैं, जो चिंता का विषय है। हिमाचल प्रदेश की संस्कृति एक अनमोल धरोहर है, जिसे सहेजना और आगे बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य है। इस दिशा में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि युवा अपनी ऊर्जा और उत्साह को इस कार्य में लगाएं, तो हिमाचली संस्कृति आने वाले समय में और अधिक सशक्त होकर उभरेगी।

इस कार्य में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका युवाओं ने अभिनित करनी है, अगर आज का युवा सही मायने में इस कार्य में स्वयं की वायु से तेज ऊर्जा को लगा देता है तो 'हिमाचली संस्कृति' ऐसी बुलंदियों को छुएगा जिससे यह युगों-युगों तक संरक्षित हो जाएगी, इसके संरक्षण के लिए सारे समाज को एकजुट होकर आधुनिकता के साथ संस्कृति से संस्कारित होना होगा तभी सही मायने में यह समाज का सार्वभौमिक आधुनिकीकरण माना जाएगा। हिमाचल दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल दिवस : एकता, संघर्ष, समर्पण और सतत विकास की ऐतिहासिक गौरवगाथा

हर वर्ष 15 अप्रैल को मनाया जाने वाला हिमाचल दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण और विकास की एक प्रेरणादायक यात्रा का प्रतीक है। यह दिन हमें उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है जब पहाड़ों की शांत वादियों में बसे अनेक छोटी-छोटी रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर आधुनिक हिमाचल प्रदेश की नींव रखी गई। स्वतंत्रता से पहले वर्तमान हिमाचल प्रदेश का क्षेत्र लगभग 30 छोटी-बड़ी रियासतों में बंटा हुआ था। इनमें चंबा, मंडी, सिरमौर, बिलासपुर जैसी प्रमुख रियासतें शामिल थीं। इन रियासतों में शासन व्यवस्था अलग-अलग थी और जनता को लोकतांत्रिक अधिकारों का अभाव था।



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गैहरा
जिला चंबा, मोबाइल. 9816641833

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जब भारत की स्वतंत्रता 15 अगस्त 1947 को प्राप्त हुई, तब इन पहाड़ी क्षेत्रों को एकीकृत कर एक प्रशासनिक इकाई बनाने की आवश्यकता महसूस हुई। यह कार्य आसान नहीं था, क्योंकि प्रत्येक रियासत की अपनी पहचान और शासन प्रणाली थी।

स्वतंत्रता के बाद 15 अप्रैल 1948 को 30 रियासतों को मिलाकर हिमाचल प्रदेश का गठन किया गया। यह एक मुख्य आयुक्त के रूप में अस्तित्व में आया। यही दिन आज हिमाचल दिवस के रूप में मनाया जाता है। 26 जनवरी 1950 को जब भारतीय संविधान लागू हुआ, तब हिमाचल प्रदेश को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा मिला। 1954 में बिलासपुर रियासत को हिमाचल प्रदेश में शामिल किया गया।

इतिहास में सबसे बड़ा मोड़ 1966 में आया, जब पंजाब पुनर्गठन अधिनियम 1966 के तहत कांगड़ा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति और शिमला जैसे पर्वतीय क्षेत्रों को हिमाचल प्रदेश में मिला दिया गया। इससे राज्य का स्वरूप व्यापक और अधिक संगठित हो गया। हिमाचल प्रदेश की विकास यात्रा का स्वर्णिम अध्याय 25 जनवरी 1971 को लिखा गया, जब इसे भारत का 18वां पूर्ण राज्य घोषित किया गया। यह ऐतिहासिक उपलब्धि हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम 1970 के माध्यम से संभव हुई।





इस अवसर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने शिमला के रिज मैदान से राज्यत्व की घोषणा की। यह क्षण हिमाचल के लोगों के लिए गर्व और आत्मसम्मान का प्रतीक बना। हिमाचल निर्माता डॉक्टर यशवंत सिंह परमार के अथक प्रयासों से लेकर वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तक का सफर भिन्न भिन्न मुख्यमंत्रियों की सोच और विकासात्मक नजरिए का सफर सदैव हिमाचल प्रदेश को विकास और प्रगति के पथ पर आगे ले जाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ, जिसमें विकास पुरुष वीरभद्र सिंह, ठाकुर राम लाल, प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार, जय राम ठाकुर के नेतृत्व में प्रयासों से हिमाचल प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका और योगदान रहा। राज्य बनने के बाद हिमाचल प्रदेश ने विकास के अनेक आयामों को छुआ। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और जल आपूर्ति जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई। आज यह देश के सबसे अधिक साक्षर राज्यों में शामिल है और दुर्गम क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है। कृषि और बागवानी, विशेषकर सेब उत्पादन, ने इसकी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया है। पर्यटन के क्षेत्र में मनाली, शिमला और धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुके हैं। यह प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और 'देवभूमि' की पहचान के लिए भी प्रसिद्ध है। हालांकि पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और रोजगार जैसी चुनौतियां मौजूद हैं, फिर भी सतत विकास, इको-टूरिज्म और जैविक खेती में अपार संभावनाएं हैं।

हिमाचल दिवस हमें एकता, धैर्य और संकल्प की प्रेरणा देता है, ताकि हम इस देवभूमि की संस्कृति, प्रकृति और विकास को सहेजते हुए आगे बढ़ते रहें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पंचायत चुनाव 2026 : जमीनी लोकतंत्र, विकास और जवाबदेही की असली परीक्षा

हिमाचल प्रदेश में प्रस्तावित पंचायत चुनाव केवल प्रतिनिधियों के चयन का लोकतांत्रिक अभ्यास नहीं हैं, बल्कि यह जमीनी लोकतंत्र की वास्तविक स्थिति को परखने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी हैं। एक पहाड़ी और ग्रामीण प्रधान राज्य होने के कारण हिमाचल में स्थानीय स्वशासन की भूमिका केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन के केंद्र के रूप में भी देखी जाती है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि पंचायत चुनावों के संदर्भ में हम यह समझें कि स्थानीय स्वशासन ने विकास में कितना योगदान दिया है और जमीनी स्तर पर उसकी वास्तविक स्थिति क्या है। भारत में 73वां संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से पंचायतों को संवैधानिक दर्जा दिया गया, जिससे ग्राम स्तर पर लोकतंत्र को संस्थागत रूप मिला। हिमाचल प्रदेश में यह व्यवस्था विशेष रूप से प्रभावी मानी जाती रही है, क्योंकि यहां की अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। पंचायतें गांव और सरकार के बीच सेतु का कार्य करती हैं और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



महेंद्र सिंह
(पीएच.डी. शोधार्थी), डीटीसी, एचपीयू, शिमला, मो. 8988126543

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ये संस्थाएं न केवल शासन को गांवों तक पहुंचाती हैं, बल्कि नागरिकों को सीधे निर्णय प्रक्रिया में शामिल कर प्रत्यक्ष लोकतंत्र के गुणों को भी प्रकट करती हैं। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव केवल प्रतिनिधियों के चयन की प्रक्रिया नहीं हैं, बल्कि यह जमीनी लोकतंत्र को सशक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है, तथा इसने लोकतंत्र को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य भी किया।

यदि हम सरकारी योजनाओं के आंकड़ों पर नजर डालें, तो स्थानीय स्वशासन की भूमिका स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।





उदाहरण के लिए, मनरेगा के तहत हिमाचल प्रदेश में 12.08 लाख ग्रामीण सक्रिय श्रमिकों को हर वर्ष रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। विभिन्न सरकारी रिपोर्टों के अनुसार, राज्य में औसतन 5 लाख परिवार प्रतिवर्ष इस योजना के अंतर्गत कार्य प्राप्त करते हैं, जिससे ग्रामीण आय में वृद्धि हुई है और प्रवासन में कमी आई है। इसी प्रकार जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य में अधिकांश ग्रामीण घरों तक नल जल कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य तेजी से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। 2024 तक कई जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने के दावे किए गए हैं।

हिमाचल प्रदेश में स्थानीय स्वशासन संस्थाओं ने ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदेश को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से मार्च 2026 तक 11,923 पक्के मकान जरूरतमंद परिवारों को प्रदान किए गए। इन योजनाओं के प्रभावी ि, यान्वयन में पंचायतों की केंद्रीय भूमिका रही है, जिससे लगभग 60-70 प्रतिशत ग्रामीण परिवार लाभान्वित हुए हैं। पंचायतों ने सड़कों, पेयजल, बिजली, स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ कृषि, पशुपालन और महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा दिया है। हालांकि, जमीनी स्तर पर कई चुनौतियां भी सामने आई हैं। मनरेगा कार्यों में देरी, भुगतान में विलंब, जल जीवन मिशन के तहत अनियमित जल आपूर्ति और शौचालयों के उपयोग में कमी जैसी समस्याएं बनी हुई हैं।

ग्राम सभाओं में सीमित भागीदारी, भाई-भतीजावाद, प्रॉक्सी नेतृत्व और मतदाता जागरूकता की कमी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करती है। राजनीतिक हस्तक्षेप भी पंचायतों की स्वायत्तता को कमजोर करता है।

इन चुनौतियों के बावजूद पंचायतें जमीनी लोकतंत्र की मजबूत आधारशिला हैं। आगामी चुनावों में जागरूक मतदाता और सशक्त पंचायतें ही पारदर्शी, उत्तरदायी और समावेशी विकास को सुनिश्चित कर सकती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मासूम सिया को न्याय, समाज की सुरक्षा और चेतना का प्रश्न

सरकाघाट में मासूम सिया के साथ हुई दर्दनाक घटना ने पूरे हिमाचल प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। देवभूमि के रूप में पहचाने जाने वाले इस शांत प्रदेश में ऐसी घटना न केवल कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाती है, बल्कि समाज की संवेदनशीलता और नैतिक स्थिति पर भी गंभीर चिंतन के लिए मजबूर करती है। मासूम सिया हत्याकांड केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि समाज के भीतर पनप रही असंवेदनशीलता का आईना है। एक नन्ही बच्ची, जो जीवन के सपने देख रही थी, उसे इस क्रूरता का शिकार होना पड़ा-यह तथ्य ही भीतर तक झकझोर देता है। यह घटना हमें सोचने पर विवश करती है कि आखिर ऐसी विकृत मानसिकता समाज में जन्म कैसे ले रही है।



प्रो. मनोज डोगरा
राजकीय महाविद्यालय बड़सर
मो. 7018610956

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े भी चिंता बढ़ाते हैं। देश में बच्चों के विरुद्ध अपराधों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। अपहरण, शोषण और हत्या जैसे मामलों का बढ़ना यह संकेत देता है कि बच्चों की सुरक्षा अब एक गंभीर राष्ट्रीय मुद्दा बन चुकी है। यद्यपि हिमाचल में अपराध दर अपेक्षाकृत कम रही है, लेकिन हाल के वर्षों में ऐसे मामलों का सामने आना इस धारणा को कमजोर करता है कि छोटे शहर और ग्रामीण क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित हैं।

इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। प्रशासन की भूमिका यहां अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी सराहनीय है, लेकिन केवल घटना के बाद की प्रतिक्रिया पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि अपराधों की रोकथाम के लिए पहले से ठोस रणनीति बनाई जाए।

संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाना, सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, हेल्पलाइन सेवाओं को प्रभावी बनाना और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत करना आज की आवश्यकता है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक निगरानी प्रणाली विकसित की जानी चाहिए, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर समय रहते नजर रखी जा सके। इसके साथ ही, बच्चों और अभिभावकों के बीच जागरूकता बढ़ाना भी बेहद जरूरी है। स्कूलों में 'गुड टच-बैड टच' जैसी शिक्षा को अनिवार्य किया जाना चाहिए, ताकि बच्चे किसी भी असामान्य स्थिति को पहचान सकें और समय रहते सहायता मांग सकें। अभिभावकों को भी अपने बच्चों के व्यवहार, दिनचर्या और आसपास के वातावरण पर सतर्क दृष्टि रखनी होगी। समाज की भूमिका भी इस संदर्भ में कम महत्वपूर्ण नहीं है।



हमें यह समझना होगा कि बच्चों की सुरक्षा केवल परिवार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का कर्तव्य है। यदि हर व्यक्ति अपने आसपास के माहौल के प्रति सजग रहे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दे, तो कई घटनाओं को रोका जा सकता है। सामुदायिक जागरूकता और सहभागिता ही ऐसी घटनाओं के विरुद्ध सबसे मजबूत सुरक्षा कवच बन सकती है। मीडिया और सामाजिक संगठनों की भूमिका भी अत्यंत अहम है। ऐसे मामलों को सनसनीखेज बनाने के बजाय, इनके माध्यम से समाज को जागरूक और शिक्षित करने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए। सकारात्मक संवाद और संवेदनशील रिपोर्टिंग से समाज में जिम्मेदारी की भावना विकसित की जा सकती है। यह घटना एक कड़ी चेतावनी है कि हमें अपनी प्राथमिकताओं को पुन: निर्धारित करना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# हिमाचल दिवस



की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


**आभार**

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा करते हैं भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

राजेश शर्मा
जिला प्रभारी ऊना
मो. 9816396500




हिमाचल दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**Abhishek Steel**
**Hamirpur Road Una**
**Mahadev Tractors**
**Ajnoli Una**



करण ठाकुर | अनिल ठाकुर | चंदन ठाकुर | अमरीक सिंह



# हिमाचल दिवस

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**MATRI STONE CRUSHER**

Contact for: Washing Sand, Dust, Bajra

Vill. & P.O. Basal, Tehsil & Distt. Una (H.P.)
Ram Dev Duvedi Mob. 98161-22841, Kamal Sharma Mob. 98055-41421



# हिमाचल दिवस

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



Auth. Distributor For | OPUS Paint Gallery



BIRLA opus PAINTS

UltraTech CEMENT The Engineer's Choice

सकरनी प्लास्टर P.O.P. Master of Plasters

**Jain Traders-Una**

Deals in: All type of Hardware and Building Material (Whole sale and Retail)
(Hamirpur Road Una Himachal Pradesh) Contact: +91 88942 93333, 98050 02432

# अजय हेल्थकेयर ऊना

आपका हार्दिक अभिनन्दन करता है

- आयुर्वेदिक औषधियां
- शल्य चिकित्सा समाधान
- मधुमेह उत्पाद
- चिकित्सा उपकरण
- जीवन रक्षक टीके
- माँ, बच्चे की देखभाल के उत्पाद
- सभी प्रकार के लैब टेस्ट
- कैंसर रोधी औयधियां

· हमारे यहाँ पर —
PGI, FORTIS, AIIMS, IGMC TANDA, DMC
की दवाईयाँ भी मिलती है

Opposite Old Bus Stand Complex
Hamirpur Road Una (H.P.)

7087432364, 8699005364

Ajay Verma (Prop.)





# पीर निगाह मंदिर कमेटी



की ओर से

# बैसाखी पर्व एवं हिमाचल दिवस

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

जारीकर्ता : पीर निगाह मंदिर कमेटी, विकास खंड ऊना, हि.प्र.



**SIYAH**



# बैसाखी पर्व एवं हिमाचल दिवस

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## सिया - हिमाचल की महिलाओं की पहली पसंद



हिमाचल प्रदेश में अपने शानदार सफर के साथ सिया ने खोल दिए हैं

**8 आकर्षक शोरूम**

जहां फैशन मिलता है स्टाइल और विश्वास के साथ।
हर उम्र और हर मौके के लिए ट्रेंडी, खूबसूरत और कंफर्टेबल कलेक्शन–यही है सिया की पहचान।
चाहे शादी हो, त्योहार हो या रोज़मर्रा की स्टाइल, यहां हर महिला के लिए है कुछ खास।

आज ही अपने नज़दीकी सिया शोरूम पर जाएं और अपने स्टाइल को दें नया अंदाज़

- बेहतरीन क्वालिटी
- लेटेस्ट डिज़ाइन
- किफायती दाम

## न्यूज ब्रीफ

### प्रतिबंधित दवा की 14 शीशियों संग पकड़ा आरोपी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा ब्लॉक में नशे के कारोबार में लगे एक तस्कर को पुलिस धर दबोचा आरोपी के कब्जे से 14 शीशियां बरामद की गई है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि नाहन में तैनात एसटीएफ की टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक मोटरसाइकिल पर एक व्यक्ति अनिश पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी वार्ड 10 देवी नगर पांवटा साहिब जिला सिरमौर भाटावाली क्षेत्र में मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त में संलिप्त है। सूचना के अनुसार आरोपी भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप बेचने के लिए लाया है। एसपी नेगी ने बताया कि आरोपी अनिश से 14 शीशियां कफ सिरप बरामद हुईं। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### नालागढ़ हंटर्स ने जीता क्रिकेट का फाइनल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिंदुजा प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन ने क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया। चार दमदार टीमों–बिलासपुर लायंस, मंडी पैंथर्स, नालागढ़ हंटर्स और सोलन स्ट्राइकर्स ने कड़ी टक्कर दी। मुख्य अतिथि रविंदर कौशल (आरबीएच) और अश्विनी कुमार की मौजूदगी में यह टूर्नामेंट बेहद सफल रहा। फाइनल मुकाबला सोलन स्ट्राइकर्स और नालागढ़ हंटर्स के बीच खेला गया, जहां नालागढ़ हंटर्स ने शानदार प्रदर्शन कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहली बार टूर्नामेंट में उतरी सोलन स्ट्राइकर्स ने सभी को चौंकाते हुए फाइनल में जगह बनाई, जबकि पिछले सीजन की चैंपियन बिलासपुर लायंस लीग स्टेज में ही बाहर हो गई। मंडी पैंथर्स ने भी शानदार क्रिकेट खेला।

### महिला संग मिलकर कर दी पत्नी की पिटाई

**अनंत ज्ञान, नाहन।** माजरा क्षेत्र में एक पति को खर्चा देने के नाम पर पत्नी के साथ मारपीट महंगी पड़ी। पति की मारपीट के बाद गुस्साई पत्नी ने अपने पति के खिलाफ पुलिस स्टेशन माजरा में एफआईआर दर्ज करा दी। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस ने माजरा थाना क्षेत्र की शिकायतकर्ता रजनी ने आरोप लगाया है कि उसके पति हरीश कुमार पुत्र शोभाराम निवासी गांव व डॉ. माजरा और एक अन्य महिला शीतल देवी ने उसके साथ मारपीट की और उसके बाल फाड़े। एसपी ने बताया कि यह वारदात उस वक्त हुई जब शिकायतकर्ता अपने पति के खर्चा लेने के लिए उनके कमरे में गई थी,जहां यह घटना हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

### श्मशानघाट का रास्ता बंद करने पर बवाल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विधानसभा क्षेत्र के मोगीनंद पिछले कई दिनों से चल रहे भूमि विवाद में आज उस वक्त बवाल हो जब यहां के श्मशान घाट समेत ग्रामीणों के प्रयोग किए जाने वाले रस्ते को बन्द कर दिया गया। गुस्साए ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम नाहन राजीव संख्यान को दी। मामला संज्ञान में आने के बाद एसडीएम ने पुलिस बंदोबस्त के साथ बंद किए गए रस्ते का जायजा लिया। ग्रामीणों के अनुसार रास्ता बंद होने के विरोध को देखते हुए एसडीएम ने अगले आदेशों तक रास्ते को लेकर यथाः स्थिति बनाये रखने के आदेश दिए।

### भाजपा अर्की मंडल ने मनाई अंबेडकर जयंती

**अनंत ज्ञान, अर्की।** भारतीय जनता पार्टी अर्की मंडल द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती अर्की में मनाई गई। इसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्या अर्पण कर फूल अर्पित किए गए। उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा समाज सुधार के जो कार्य किए गए उन्हें याद किया गया तथा उनका व्याख्यान किया गया। उनके द्वारा अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के लिए उन्होंने अपना जीवन लगाया व उनके उत्थान के लिए बहुत से कार्य किए तथा संविधान में ऐसे पिछड़ों के लिए कानून बनाए। डॉ. भीमराव अंबेडकर एक महान नेता थे, जिन्हें बाबासाहेब के नाम से जाना जाता है। वहां एक सच्चे समाज सुधारक नेता थे।

### दून भाजपा ने बाबा साहेब को किया याद

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** भाजपा दून मंडल द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती आज लेही में मनाई गई। जिसमें पूर्व विधायक परमजीत सिंह और जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमर चंद संधू मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की। पूर्व विधायक परमजीत सिंह ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों को जीवन में उतारने वाले, भारतीय संविधान के शिल्पकार 'भारत रत्न' डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे भारत मे भाजपा मंडल स्तर पर मना रही है।

### ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में मंडी पहले स्थान पर

**अनंत ज्ञान, कसौली।** कसौली में राज्य स्तरीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता का समापन खेम सिंह ठाकुर पूर्व प्रधान बागी पंचायत व मेहर चंद ठाकुर प्रधान ग्राम पंचायत जगजीत नगर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 6 जिलों से 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राज्य स्तरीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में जिला मंडी ने पहला स्थान दूसरे स्थान पर सोलन व तीसरे स्थान पर शिमला रहा। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए खेम चंद ठाकुर और मेहर चंद ठाकुर ने सहयोग धन राशि खिलाड़ियों के लिए दी।

### दूध पीने जमीन पर लेटे ऋषि मार्कंडेय थरास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** मंडी-कुल्लू की सीमा पर नगवाईं के पास मकराहड़ में देवता मार्कंडेय ऋषि थरास ने मंगलवार को हजारों देवलुओं व भक्तों के साथ ब्यास व गोमती नदी के तट पर पवित्र स्नान किया। यहां देवता का यह पर्व प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया गया व धरती माता का दूध पीने की रस्में यहां निभाई गईं। मान्यता है कि यहां देवता का मोहरा जमीन में खेत जुताई के वक्त मिला था, जो आज भी मौजूद है। यहां इस दिन पवित्र स्नान से चर्मरोग से छुटकारा मिलता है। यहां शैतानों को पत्थर मारने की परंपरा भी कायम है, जिसे स्नान से पूर्व सांकेतिक रूप से निभाया गया। सुबह 11 बजे देवता थरास गांव से देवलुओं के साथ अपने प्राचीन मंदिर मकराहड़ पहुंचे और यहां पूजा के बाद देवता के कारकून उल्टे पैर ब्यास और गोमती नदी के तट पर स्थित संगम की ओर देवता के आगे चले। इस दौरान हजारों लोगों ने देवता के साथ ब्यास नदी में स्नान किया व बोतलों में पानी भर घर ले गए। इसके बाद देवता उस खेत में जा पहुंचा जहां एक महिला को सदियों पूर्व देवता का मोहरा मिला था। यहां पहुंचते ही देवता धरती मां के आंचल से लिपट गए व तीन बार धरती मां का स्पर्श किया। बार-बार देवरथ वापस आता रहा व धरती मां का स्तनपान किया। ये दृश्य देख हजारों भक्तों की भीड़ से ऋषि मार्कंडेय का जय घोष गूंजा। मान्यता है कि इस वक्त धरती फट जाती है व बालक रूपी ऋषि को अपनी गोद में लेकर दुलार कर मां दूध पिलाती है। इस दौरान हजारों लोग इस एतिहासिक पल के गवाह बने। मंदिर पहुंचते ही देवता के गुर ने भविष्यवाणी कर सुख शांति का संदेश दिया। देवता के कारदार जीवन प्रकाश ने मंडी-कुल्लू सराज से आए देवताओं के प्रमुख कारकूनों का स्वागत किया।

### कांग्रेस के खिलाफ फूटा भाजपा का जन आक्रोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांगः** लाहौल-स्पीति के केलांग में मंगलवार को कांग्रेस सरकार के साढ़े तीन साल के कार्यकाल के खिलाफ भाजपा ने जोरदार रोष रैली निकाली। पूर्व विधायक व भाजपा कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए व सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में क्षेत्र में विकास कार्य ठप पड़े हैं व जनता खुद को उपेक्षित महसूस कर रही है। रवि ठाकुर ने कहा कि यह रैली जनता की भावनाओं का प्रतीक है व क्षेत्र की जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने दावा किया कि सरकार का 'कुशासन' अब असहनीय हो चुका है। रैली में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, मंडल अध्यक्ष और मोर्चा पदाधिकारी भी मौजूद रहे, जिससे यह आयोजन एक बड़े शक्ति प्रदर्शन के रूप में सामने आया।

### केलांग में बाबा साहेब के आदर्शों को किया याद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** केलांग स्थित पार्टी मुख्यालय में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके विचारों व भारतीय संविधान निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में भाजपा लाहौल-स्पीति जिला प्रभारी अखिलेश कपूर, वरिष्ठ नेता युवराज बोध, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जवाहर शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष रिगजिन, विभिन्न मंडल अध्यक्षों व मोर्चा प्रमुखों ने भी भाग लिया। जिला प्रभारी ने कहा कि संगठन बाबा साहेब के आदर्शों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन भी आयोजित किया गया, जिसमें संगठन विस्तार और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को जनहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

### शिरड में धूमधाम से मनाई बाबा साहेब की जयंती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** गांव शिरड में स्मृति युवा मंडल द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों व बच्चों के लिए कुर्सी रेस, बोरी रेस, लंगड़ी रेस, रस्साकशी व घड़ा फोड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें सभी ने उत्साह से भाग लिया। मुख्यातिथि पेनु राम ने बाबा साहेब के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। अंत में विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# राजगढ़ में बैसाखी मेले का शुभारंभ

## क्षेत्र के आराध्य देव शिरगुल देवता की निकाली गई शोभायात्रा, हजारों लोगों ने लिया भाग

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** जिला स्तरीय बैसाखी मेला राजगढ़ मंगलवार को क्षेत्र के आराध्य देव शिरगुल देवता की पारंपरिक पूजा और शोभायात्रा के साथ आरंभ हुआ। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और समूचा राजगढ़ शहर शिरगुल देवता की जय हो के नारों से गूंज उठा। उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने राजगढ़ स्थित शिरगुल मंदिर में पूजा–अर्चना की और शोभा यात्रा का नेतृत्व किया। स्थानीय विधायक रीना कश्यप, कांग्रेस नेत्री दयाल प्यारी, एसडीएम राजगढ़ सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी शोभा यात्रा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। यह भव्य यात्रा पुराने बस स्टैंड, सब्जी मंडी, हब्बन मार्ग से होते हुए नेहरू मैदान पहुंची, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी स्थानीय लोग पारंपरिक वेशभूषा में सजे नजर आए। ढोल–नगाड़ों और देव वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालु नाचते–गाते और जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। मेले में अनेक दानी सज्जनों ने भंडारे का आयोजन किया जिसमें सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

नेहरू ग्राउंड में उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने दीप प्रज्वलित करके मेले का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेले और त्योहार प्रदेश की समृद्ध प्राचीन




राजगढ़ में जिला स्तरीय बैसाखी मेले के शुभारंभ पर मौजूद डीसी प्रियंका–आयोजक और शोभायात्रा में भाग लेते हजारों लोग। अनंत ज्ञान

### ◆ डीसी बोलीं-मेले प्रदेश की प्राचीन सभ्यता के परिचायक

संस्कृति और सभ्यता के परिचायक है जिसमें प्रदेश की संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। उन्होने कहा कि मेले की प्राचीन परंपरा को बनाए रखा जाना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति का ज्ञान हो सके। इससे पहले एसडीएम राजगढ़ एवं अध्यक्ष मेला समिति, राजकुमार ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और मेले के ऐतिहासिक पहलुओं बारे विस्तार से जानकारी दी । उन्होने इस मौके पर डीसी सिरमौर को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीएवी, एसवीएन, राजकीय प्राथमिक पाठशाला, सरस्वती कला मंच, चेष्टा कला मंच सहित अन्य कलाकारों द्वारा रंगारग कार्यक्रम प्रस्तुत करके दश्रकों का भरपूर मनोरंजन करवाया। कार्यक्रम में डीएसपी बीसी नेगी, तहसीलदार राजगढ़ राजेंद्र शर्मा, नायब तहसीलदार सुशांत कुमार, नप की पूर्व अध्यक्षा ज्योति साहनी और दिनेश आर्य, युवा कांग्रेस पच्छा के अध्यक्ष विक्रम ठाकुर, अनुज ठाकुर, विक्रम जेलदार, परीक्षा चौहान, रामकृष्ण, चंद्रमोंहन शर्मा सहित अन्य मेला समिति सदस्य मौजूद रहे।

## डांगरी में गोशाला में अचानक लगी आग

**अनंत ज्ञान, अर्की।** ग्राम पंचायत देवरा के ग्राम डांगरी में गोशाला में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी फैल गई। फायर चौकी अर्की के लीडिंग फायरमेन अशोक कुमार धीमान ने बताया कि ग्राम डांगरी के निवासी विमल शर्मा की गोशाला में अचानक आग लग गई। गनीमत यह रही कि इस मौके पर पशु बाहर आंगन में बंधे हुए थे। अशोक कुमार धीमान के अनुसार ज्योहीं उन्हें सूचना मिली तो उन्होंने तुरंत ही क्विक रिस्पॉन्स वाहन व टीम को मौके पर भेजा, परंतु आग ज्यादा होने के चलते अग्निशमन टेंडर मौके पर लाया गया, जिससे आग पर काबू पाया गया। इस घटना के बाद एक बार फिर अर्की में फायर स्टेशन होने की आवश्यकता दिखाई पड़ी। क्योंकि आग बुझाने में दोनों अग्निशमन वाहन का पानी खत्म होने पर पुनः पानी भरने के लिए वाहनों को जाना पड़ा। यदि फायर स्टेशन होता तो मौके पर दो फायर टेंडर लगभग 8000 लीटर पानी लेकर मौके पर होते, परंतु केवल एक फायर टेंडर होने के चलते उन्हें बार बार भरने के लिए घटना स्थल से दूर जाना पड़ा। लोगों का कहना है कि सरकार को प्रत्येक पंचायत में दो स्थानों पर फायर हाईडेंट लगाने चाहिए।

## जासवी स्कूल में छत का प्लास्टर गिरने से दहशत

अनंत ज्ञान



क्लासरूम में गिरा छत का प्लास्टर।


**नाहन।** सिरमौर के शिलाई क्षेत्र के एक प्राथमिक स्कूल में कक्षा के दौरान छत का प्लास्टर गिरने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी भी विद्यार्थी को चोट नहीं आई और बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार शिलाई विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले शिक्षा खंड रोनहाट के राजकीय प्राथमिक पाठशाला जासवी में सोमवार को शिक्षा विभाग और सरकार की लापरवाही का मामला सामने आया है, जहां कक्षा के दौरान स्कूल की छत से प्लास्टर गिर गया। इस घटना के बाद एबीवीपी पदाधिकारी मनीष बिरसांटा ने स्थानीय प्रशासन, शिक्षा विभाग और जनप्रतिनिधियों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते जर्जर भवन की मरम्मत करवाई गई होती तो ऐसी स्थिति पैदा नहीं होती। उन्होंने इसे बच्चों की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ बताया और कहा कि इसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। परिषद ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत सभी शैक्षणिक संस्थानों के भवनों की स्थिति का निरीक्षण करवाया जाए और मरम्मत कार्य सुनिश्चित किया जाए।

## विहिप ने धर्मांतरण के खिलाफ उठाई आवाज

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** विश्व हिंदू परिषद इंद्रप्रस्थ क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नीरज दौनेरिया अपने तीन दिवसीय हिमाचल प्रवास के दौरान मंगलवार को औद्योगिक शहर परवाणू पहुंचे। जहां पर विहिप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पवन समैला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा उनका ढोल नगाड़ों व फूलमालाओं से उत्साह पूर्वक जोरदार तथा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश संगठन मंत्री प्रेम शंकर भी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए नीरज दौनेरिया ने मुख्य रूप से धर्मांतरण, लव जिहाद के मामलों और हिंदू मंदिरों के सरकारी नियंत्रण के खिलाफ आवाज बुलंद की। साथ ही उन्होंने लव जिहाद के षड्यंत्रों के तहत हिंदू लड़कियों को बहला फुसलाकर निशाना बनाए जाने का भी आरोप लगाया। दौनेरिया ने कहा कि हिंदू लड़कियों को भावनात्मक रूप से फंसाकर शादी के वादे के साथ उनका जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है, जिसके लिए उन्होंने धर्मांतरण विरोधी कठोर कानून की मांग की।

## कुणी नदी में फंसे बारहसिंगा को किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कुनिहार क्षेत्र में कुणी नदी के मध्य फंसे एक दुर्लभ बारहसिंगा को वन विभाग की टीम ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस अभियान में ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। वन खंड अधिकारी (रेंज कुनिहार) नारायण दत्त शर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि नदी के बीचों-बीच फंसा बारहसिंगा खुद बाहर नहीं निकल पा रहा। तत्काल वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। घायल जानवर के प्राथमिक उपचार के लिए पशुपालन विभाग के चिकित्सकों को भी बुलाया गया, जिन्होंने तुरंत इलाज किया।



## सोलन भाजपा ग्रामीण मंडल ने बाबा साहेब को किया नमन



अनंत ज्ञान

**सोलन।** भारत के महान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सोलन ग्रामीण मंडल द्वारा विभिन्न बूथों पर श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ पुष्पांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजेश कश्यप मुख्य रूप से उपस्थित रहे और बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्षों और भारतीय समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद किया। डॉ. राजेश कश्यप ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर केवल एक महान विधिवेत्ता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए जो संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक रहेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब द्वारा निर्मित भारतीय संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत नींव है और हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर एक समरस एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए।

## अटल टनल पर यादविंदर गोमा का भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** हिमाचल प्रदेश सरकार के आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंदर सिंह गोमा के लाहौल–स्पीति आगमन पर अटल टनल (नॉर्थ पोर्टल) पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। विधायक अनुराधा राणा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व प्रशासन ने मंत्री का अभिनंदन किया। मंत्री गोमा के स्वागत में जिला परिषद की चेयरमैन वीना देवी व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दोरजे लारजे ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया और 'जय हिंद' व सरकार के समर्थन में जोरदार नारे लगे। कैबिनेट मंत्री जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति के मुख्यालय केलांग में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय 'हिमाचल दिवस' कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। वे वहां ध्वजारोहण करेंगे व मार्च पास्ट की सलामी लेंगे।

## मंत्री और विधायक ने शोक संतप्त परिवारों से की भेंट, जताई संवेदनाएं




आयुष मंत्री यादविंदर गोमा शोक संतप्त परिवारों के पास सांत्वना प्रकट करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कुल्लू/पतलीकूहल।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री, यादविंदर गोमा तथा कसौली से विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने मंगलवार को कटराईं में मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ के बड़े भाई बुधीश्वर गौड़ के निधन पर उनके निवास स्थान पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की। इससे पहले मंत्री व विधायक ने कुल्लू सदर के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के पिता जोग ध्यान ठाकुर के निधन पर तेगूबेहड़ स्थित उनके निवास पहुंचे व गहरी संवेदना व्यक्त की। मंत्री ने इसे दोनों परिवारों के लिए अपूरणीय क्षति बताया, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें व शोक संतप्त परिवारों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## रस्सों के सहारे पहाड़ी से उतरे बिजली महादेव

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** कुल्लू घाटी की समृद्ध देव संस्कृति के प्रतीक 'जिया विरशु मेले' का मंगलवार को भव्य आगाज हो गया।

घाटी के आराध्य देवों के देव बिजली महादेव के आगमन के साथ ही संगम स्थल जिया का वातावरण भक्ति व उल्लास से सराबोर हो उठा। मंगलवार से शुरू हुआ यह पारंपरिक उत्सव 16 अप्रैल तक चलेगा। स्थानीय लोगों के अनुसार जिया विरशु मेला हमारी संस्कृति की धरोहर है। यहां की मेहमाननवाजी व देवता के प्रति अटूट श्रद्धा देखते ही बनती है। इन तीन दिनों में पूरा गांव एक परिवार की तरह हर आगंतुक का स्वागत करता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बिजली महादेव जिया स्थित शिव मंदिर में विराजमान हैं, जहां हजारों श्रद्धालु नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। मेले के दौरान पारंपरिक बाजार और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उत्सव की रौनक को दोगुना कर दिया है। मेले का सबसे रोमांचक क्षण वह था, जब बिजली महादेव के रथ को ऊंची पहाड़ी से बड़े–बड़े रस्सों के सहारे नीचे जिया गांव की ओर उतारा गया। इस जोखिम भरे व विहंगम दृश्य को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। ढोल–नगाड़ों और नरसिंगों की गूंज के बीच जैसे ही देवता का रथ गांव पहुंचा, पूरा क्षेत्र 'जय महादेव' के उद्घोष से गूंज उठा।



रस्सियों के सहारे पहाड़ी से लाव–लश्कर के साथ उतरते बिजली महादेव। अनंत ज्ञान

### तीन दिनों तक रहेगा उत्सव का माहौल

**स्थानीय** मान्यताओं के अनुसार, बिजली महादेव मेले से एक दिन पहले अपने मुख्य देवालय से प्रस्थान कर भ्रैण गांव में रात्रि विश्राम करते हैं। इसके बाद जिया और भ्रैण के ग्रामीण उन्हें ससम्मान संगम स्थल तक लाते हैं।

### बच्चों संग महादेव की 'लुकाछिपी'

**जिया** मेले की पहचान यहां की सदियों पुरानी अनोखी रस्में हैं। इस अवसर पर बिजली महादेव ने गांव के बच्चों के साथ लुकाछिपी का पारंपरिक खेल खेला। महादेव के आगमन से पूर्व गांव के बच्चे लकड़ी की तलवारें लेकर गलियों व कोनों में छिप गए। देव रथ ने अपनी दिव्य शक्ति से उन स्थानों की पहचान की जहां बच्चे छिपे थे व उन्हें 'खोज' निकाला। इस रस्म को बुराई पर अच्छाई की जीत व देवता के वात्सल्य प्रेम के रूप में देखा जाता है।

### देव श्री ब्रह्मा व लक्ष्मी महामाई की शक्तियों के आगे बेबस हुए हजारों श्रद्धालु

## देव शक्तियों के आगे असफल हुए श्रद्धालु

अनंत ज्ञान

**सैंज।** सैंज घाटी के कनौन में बैसाखी मेले में देव परंपरा की अनूठी मिसाल देखने को मिली।

सुदामा को अपने मित्र भगवान कृष्ण के साथ मिलने की चर्चा तो काफी सुनी है, लेकिन कनौन में सृष्टि रचयिता देव श्री ब्रह्मा व देवी भगवती लक्ष्मी महामाई अपने अंगरक्षक देवता बनशीरा के पास मिलने की प्रथा है, जो हर वर्ष बैसाखी पर्व पर निभाई जाती है। ऊंची चोटी पर स्थित वनशीरा को जहां वनों की रक्षा का जिम्मा सृष्टि रचयिता देव श्री ब्रह्मा व देवी महामाई ने सौपा है। घाटी की जनता की रक्षा का जिम्मा भी सृष्टि रचयिता देवी श्री ब्रह्मा ने देवता वनशीरा के हाथों में दिया है। क्षेत्र की रक्षा व प्राकृतिक आपदाओं को टालने के लिए मंगलवार को सृष्टि के रचियता ब्रह्मा व भगवती लक्ष्मी महामाई ने योद्धा देवता बनशीरा के साथ देव मंथन किया। घाटी के अराध्य देव सृष्टि रचयिता देव श्री ब्रह्मा व देवी भगवती लक्ष्मी महामाई के रथों को हजारों श्रद्धालुओं ने डोरे से खींचने की कोशिश की, लेकिन देव शक्ति के आगे हजारों श्रद्धालु देव रथ को खींचने में असफल हुए। इसके बाद हजारों श्रद्धालुओं ने देव श्री ब्रह्मा व महामाई से निवेदन कर मुश्किल से ऊंची चोटी पर स्थित बनशीरा देवता के मंदिर तक देवी महामाई व देव श्री ब्रह्मा को पहुंचाया। देव श्री ब्रह्मा व देवी महामाई तथा उनके अंगरक्षक देवता बनशीरा ने वर्ष भर में घटने वाली प्राकृतिक आपदाओं के बारे में भविष्यवाणी कर हारियनों को सचेत किया। देवता ब्रह्मा ऋषि व देवी महामाई के रथ को पुरे लाव–लशकर के साथ मंदिर से बाहर निकाला व देव खेल का निर्वहन कर देव हारियानों ने देवता के स्वर्ण रथ को डोरे से खींच कर साथ लगते गांव कछैनी में देवी भगवती के मंदिर पहुंचाया। कछेणी मंदिर में देव श्री ब्रह्मा व भगवती महामाई का चार माह बाद



भव्य मिलन हुआ। बैसाखी पर्व पर कनौन व कछैणी गांव में देव दर्शन के लिए आए हजारों लोगों ने माता भगवती महामाई तथा देव ब्रह्मा का आशीर्वाद लिया। बता दें ऐसे में भूत प्रेत पिशाच व अन्य बुरी आत्माओं से प्रभावित महिलाओं का देवी महामाई देव शक्तियों से इलाज कर स्वस्थ करती हैं व वहीं सैकड़ों महिलाओं ने रोग मुक्ति तथा सुख शांति की प्राप्ति के लिए माता भगवती के दरबार में हाजिरी लगवाई। कछैणी गांव में देव मिलन के बाद देवी–देवता के रथ को हजारों श्रद्धालुओं ने खींचते हुए ऊंची चोटी पर बनशीरा देवता के मंदिर तक पहुंचाया। वहां पर देव हारियानों ने जंगल की लचकदार लकड़ियों से एक गोल रिंग बनाया, जिसे स्थानीय भाषा में चैचा कहते हैं। बाद में देव आज्ञानुसार देवी व देवता के हारियन में चैचा खिचने को लेकर खुव रस्सा कसी की। अंत में इसे एक ही व्यक्ति सैकड़ों लोगों में से छुड़ा कर ले जाता है।

## छात्रा की निर्मम हत्या करने वाले को कड़ी सजा दे प्रशासनः ममता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति जिला कमेटी कुल्लू ने सरकाघाट में एक कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा व छात्रा के परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। महिला समिति की जिला अध्यक्ष ममता नेगी ने कहा कि छात्रा की एक नशेड़ी युवक द्वारा निर्मम हत्या ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर दिया है। हिमाचल प्रदेश में लगातार ऐसी घिनौनी घटनाएं बढ़ रही हैं। यह सरकार की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह लगाती है, ऐसी घटनाओं के जिम्मेवार नशा माफिया है। प्रदेश में लगातार नशे का गंदा धंधा बढ़ रहा है। सरकार को नशा रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। महिला समिति जिला कमेटी कुल्लू सरकार से मांग करती है कि हत्यारे को जल्द कड़ी से कड़ी सजा दी जाए व छात्रा की हत्या के पीछे जो भी सम्मिलित हो, उन्हें भी कड़ी सजा दी जाए और छात्रा सिया के परिवार को मुआवजा दिया जाए तथा जल्द न्याय दिया जाए। प्रदेश में ज्यादातर बेटियां ही ऐसी घटनाओं की आए दिन शिकार हो रही हैं।

## सिस्सू झील पर मंडराता 'ग्लेशियर' का खतरा एनडीएमए की टीम करेगी हाई–लेवल मॉनिटरिंग

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, केलांग।** लाहौल–स्पीति जिले में स्थित प्रसिद्ध सिस्सू झील में ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड की आशंका को देखते हुए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने मोर्चा संभाल लिया है। क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने व किसी भी संभावित आपदा से निपटने के लिए एनडीएमए के शीर्ष अधिकारी 15 से 17 अप्रैल के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे।

जिला प्रशासन व एनडीएमए के बीच समन्वय को लेकर जारी कार्यक्रम के तहत एनडीएमए के सदस्य डॉ. दिनेश कुमार असवाल और सचिव मनीष भारद्वाज (आइएएस) टीम का नेतृत्व करेंगे। यह टीम सिस्सू झील में स्थापित अर्ली वार्निंग सिस्टम की प्रभावशीलता का निरीक्षण व तकनीकी प्रदर्शन करेगी। ग्लेशियल झीलों का फटना हिमालयी क्षेत्रों के लिए एक गंभीर चुनौती है। सिस्सू झील के आसपास के ग्लेशियरों की स्थिति पर नजर रखने के लिए वहां जो चेतावनी तंत्र लगाया गया है, वह भविष्य में जान–माल के नुकसान को कम करने के लिए निर्णायक साबित होगा। प्रशासन ने इस मिशन को 'अत्यंत महत्वपूर्ण और तात्कालिक' श्रेणी में रखा है। अधिकारियों का जोर इस बात पर है कि तकनीक व धरातल की तैयारियों के बीच कोई कमी न रहे। लिहाजा, हिमालयी क्षेत्रों में बढ़ते तापमान व जलवायु परिवर्तन के बीच, एनडीएमए का यह दौरा स्थानीय लोगों और पर्यटकों की सुरक्षा के प्रति एक उम्मीद है।

### मनाली में अहम बैठक का आयोजन

**क्षेत्रीय** स्तर पर समन्वय बैठाने के लिए 16 अप्रैल को सुबह 11:30 बजे एसडीएम कार्यालय मनाली में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू और लाहौल-स्पीति के अधिकारी भाग लेंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा आपदा पूर्व तैयारियों और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को और अधिक मजबूत करना है।

